

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 24 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-177 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 सितंबर 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### 3 अक्टूबर को भी आयेंगे प्रधानमंत्री

**रायपुर 24 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ का ताबड़तोड़ दौरा करने वाला हैं। मोदी 30 सितंबर और 3 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आयेंगे। पार्टी ने इस स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी है। तय कार्यक्रम के मुताबिक 30 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में बड़ी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, वहीं 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री का बस्तर का दौरा तय किया गया है।

खबर है कि इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने पीएम मोदी के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि परिवर्तन यात्रा का समापन बिलासपुर में होना है, इसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही है।

### प्रियंका गांधी के भाषण से छेड़छाड़,रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर,24 सितंबर।** भिलाई में आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन में प्रियंका गांधी के दिए गए भाषण से छेड़छाड़ कर गलत ढंग से प्रसारित करने का मामला सामने आया है. कांग्रेस पार्टी के विधि विभाग ने इस मामले में रायपुर के सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराया है और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. कांग्रेस नेताओं ने अपने शिकायत में बताया कि भारत माता और एक्टिव आइस नामक व्हाट्सएप ग्रुप में प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा दिया गया भाषण को छेड़छाड़ कर अपलोड किया गया है, जिसमे कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है.



## एशियन गेम्स में भारत की जोरदार शुरुआत

### तीन रजत और एक कांस्य पदक पर किया कब्जा

**हांगझोउ (चीन)।** एशियन गेम्स में भारत ने जोरदार शुरुआत की है. अब तक भारत ने चार मेडल पक्का कर लिया है, वहीं महिला टी20 के फाइनल में भारतीय टीम ने दस्तक दे दी है. भारत ने रोइंग में दो रजत और एक कांस्य और निशानेबाजी में एक रजत पदक हासिल किया है.

एशियन गेम्स 2023 में भारत की ओर से अब तक का सबसे बड़ा 655 खिलाड़ियों का दल



हिस्सा ले रहा है. भारतीय खिलाड़ी कुल 40 स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे. भारत ने खेल में पहला पदक निशानेबाजी में हासिल किया. मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में रजक पदक हासिल किया. इसके बाद रोइंग में भारत को दो रजत और एक कांस्य पदक हासिल हुआ. भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी फाइनल में पहुंच चुकी है.

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हांगझोउ एशियन गेम्स के फाइनल में जगह बना ली है. 24 सितंबर (रविवार) को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से पराजित किया. मुकाबले में बांग्लादेश ने भारतीय टीम को जीत के लिए 52 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 8.2 ओवरों में हासिल कर लिया.

भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा 20 रनों की नाबाद पारी खेली. फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कम से कम सिल्वर मेडल जीतना सुनिश्चित कर लिया है. अब फाइनल मुकाबले में भारत का सामना श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के विजेता से होगा.

### पुरूष हॉकी टीम ने किया कमाल

भारत ने एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा में रविवार को उज्बेकिस्तान को 16 . 0 से रौंदकर जीत के साथ आगाज किया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिये यह पूल ए का बेमेल मुकाबला था। भारत की ओर से मनदीप सिंह (18वां, 27वां और 28वां मिनट), ललित उपाध्याय (सातवां, 24वां ,37वां और 53वां मिनट) , वरूण कुमार (12वां, 50वां और 52वां मिनट), अभिषेक (17वां) , सुखजीत सिंह (42वां), गुरजंत सिंह(42वां), नीलाकांता शर्मा (11वां),अमित रोहिदास (38वां) और संजय (57वां) ने गोल किये। भारत को अब 26 सितंबर को सिंगापुर से खेलना है।

### कनाडा के होश ठिकाने आए

## गुरुद्वारा के सामने से हटवाया आतंकी का पोस्टर

**ओटावा (कनाडा),24 सितंबर।** भारत से बढ़ते तनाव के बीच आखिरकार कनाडा कार्रवाई करने को मजबूर हो रहा है. स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर गुरुद्वारा के सामने लगाए गए आतंकी के पोस्टर को हटाने को सिख चरमपंथियों ने हटाने की कार्रवाई की है.

कनाडा में गुरुद्वारों के जरिए सिख कट्टरपंथियों के खालिस्तान के मुद्दे को हवा दिए जाने और भारत विरोधी भावना को भड़काने का काम लंबे समय से चल रहा है. इस पर भारत सरकार के तमाम संदेशों को नजरअंदाज करने के बाद अब जब भारत ने सख्ती दिखानी शुरू की है तो कनाडा सरकार ने भी अपनी कार्रवाई शुरू की है. कनाडा के अधिकारियों ने कट्टरपंथी गढ़ गुरुद्वारे को एक निर्देश जारी किया है, जिसमें सभी विवादास्पद बैनरों को तत्काल हटाने का आग्रह किया गया है. इन बैनरों में पहले तीन भारतीय राजनयिकों की हत्या का आह्वान किया गया था और खालिस्तानी आतंकवादियों का जश्न मनाया गया था. इधर भारत सरकार ने संबंधित अधिकारियों को अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में सभी खालिस्तानी आतंकवादियों की



पहचान करने, उनके ओसीआई कार्ड रद्द करने और भारत में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है. भारत में उनकी संपत्तियों और उनके शुभचिंतकों की संपत्तियों और बैंक खातों की भी पहचान करें और उन्हें जल्द से जल्द जब्त करें.

### पीएम मोदी के दौरे पर सीएम बघेल का तंज

## जब छत्तीसगढ़ आ जाएं तब मानेंगे की दौरे पर आए हैं

**रायपुर,24 सितंबर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैक टू बैक दौरे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के कई दौरे रद्द हुए हैं. छत्तीसगढ़ आ जाएं, तभी माने की दौरे पर आए हैं. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे पर ट्रेन से बिलासपुर जाने पर कहा कि सड़क या ट्रेन से भी जा सकते हैं. ट्रेन जिस तरीके से रद्द हो रहा है, मैंने सजेस्ट किया है कि वह सड़क मार्ग से बिलासपुर जाएं. आने के टाइम पर ट्रेन से आए, क्योंकि बिलकुल रिस्क नहीं लिया जा सकता. क्या पता जिस ट्रेन में जाने वाले हैं, वह 4 घंटे लेट हो. एनएफएचएस के रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं. 88 प्रतिशत लोग ही शहर में शौचालय का उपयोग करते हैं. ग्रामीण इलाकों में 73 प्रतिशत लोग शौचालय का उपयोग करते हैं. ओवरऑल देखे तो 76% लोग ही शौचालय का उपयोग करते हैं. 23% लोग शौचालय का उपयोग नहीं कर रहे हैं.



उन्होंने कहा कि ओडीएफ प्लस राज्य को घोषित किया गया है. लेकिन 16 लाख परिवार अभी भी शौचालय का उपयोग नहीं कर रहा है. रमन सिंह के कार्यकाल में इसको ओडीएफ घोषित किया गया था. लगभग डेढ़ हजार करोड़ रुपए का घोटाला शौचालय में ही किया है. केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा था, लेकिन जांच नहीं हो रही है. इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के नेता मौन हैं. इसको भी ईडी, आईटी से जांच करानी चाहिए. नौ वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज हरी झंडी दिखाए जाने पर भूपेश बघेल ने कहा कि रेल मंत्री का कोई काम नहीं है. हादसे होते हैं तो रेल मंत्री को भेजा जाता है. ट्रेन को हरी झंडी प्रधानमंत्री दिखा रहे हैं, यह तो अद्भुत है. जिस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएं हैं या तो छोटा होगा या तो कोई यात्री जा नहीं रहा होगा, क्योंकि ट्रेन बहुत महंगा हो गया है. जिन यात्री ट्रेनों में लोग लगातार आते-जाते हैं, वो बंद हो रहा है. प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं बोला. प्रधानमंत्री रेल कॉरिडोर का उद्घाटन करते हैं, वह यात्रियों के लिए नहीं है, कोयला ढोने के लिए है.

पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के महिलाओं आरक्षण पर श्रेय लेने की बात पर सीएम भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि सबसे ज्यादा टिकट हमने दिया. सबसे ज्यादा विधायक हमारे हैं. बीजेपी के पास एक है, हमारे पास 13 विधायक हैं. बीजेपी से तेरह गुना ज्यादा हमारे पास विधायक हैं.

### इस बार सरकार का बदलना तय है: साव

**रायपुर,24 सितंबर।** राहुल गांधी की बिलासपुर में होने वाली सभा को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कहीं भी जाएं, कुछ भी करें, जनता का मन अटल है. इस बार सरकार बदलना तय है. छत्तीसगढ़ की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है. 5 साल भूपेश, अकबर, ढेभर की सरकार ने दोनों हाथों से लूटने का काम किया है.बिलासपुर संभाग में बीजेपी की बढ़त पर अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस को छत्तीसगढ़ के नेताओं पर भरोसा नहीं है. सरकार को जवाब देना पड़ेगा कि क्या जनता का भरोसा समाप्त हो गया है, भरोसा टूट गया है, इसलिए भरोसे की यात्रा निकलनी पड़ रही है. भाजपा की परिवर्तन यात्रा को अपार सफलता मिल रहा है.वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आज कोंडागांव, सुकमा की यात्रा को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा ये सब पुराने समय के किए काम हैं. चुनाव के समय सौगात दे रहे क्योंकि 5 साल कुछ काम नहीं किया. विकास के सारे कम ठप रहे है.

## कंगाल पाकिस्तान को तगड़ा झटका

**करांची,24 सितंबर।** अपने इतिहास का सबसे बड़ा आर्थिक संकट झेल रहे पाकिस्तान में हालात अभी भी नहीं सुधर रहे हैं. देश में गरीबों की तादाद में लगातार इजाफा होता जा रहा है. विश्व बैंक ने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा है कि पिछले वित्त वर्ष में पाकिस्तान में गरीबी दर बढ़कर 39.4 फीसदी पर पहुंच गई है. बेहद खराब आर्थिक हालातों के कारण देश के 1.25 करोड़ से ज्यादा लोग और गरीबी की चपेट में आ गए हैं.

विश्व बैंक ने पाकिस्तान की गरीबी के जो आंकड़े पेश किए हैं, उनसे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देशवासियों की क्या हालत है. पाकिस्तान में गरीबी एक साल के भीतर ही 34.2 फीसदी से बढ़कर 39.4 फीसदी हो गई है. इसके साथ ही देश में 1.25 करोड़ और लोगों के गरीबी रेखा से नीचे आने के बाद अब पाकिस्तान में गरीबी का मार झेलने वाले लोगों का आंकड़ा बढ़कर 9.5 करोड़ हो गया है. विश्व बैंक ने पाकिस्तान में आगामी सरकार के लिए तैयार की गई एक मसौदी नीति का अनावरण करते हुए इसे सुधारने के लिए उपयुक्त कदम उठाने की सलाह भी जारी की है. वैश्विक निकाय ने कहा है कि वित्तीय स्थिरता हासिल करने के लिए देश को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है. पाकिस्तान के लिए विश्व बैंक के प्रमुख अर्थशास्त्री टोबियास हक का कहना है कि पाकिस्तान का आर्थिक मॉडल अब गरीबी कम नहीं कर रहा है और समकक्ष देशों के मुकाबले यहां जीवन स्तर लगातार घटता जा रहा है.

रिपोर्ट में चेतावनी देते हुए कहा है कि वित्तीय स्थिरता के लिए देश को जो कदम उठाने की जरूरत है, उनमें कृषि और रियल एस्टेट पर कर लगाने के साथ ही बेकार के खर्च में कटौती शामिल है. टोबियास हक ने उन्होंने कहा कि पाकिस्तान गंभीर आर्थिक और मानव विकास संकट का सामना कर रहा है और ऐसे बिंदु पर है जहां प्रमुख नीतिगत बदलाव की जरूरत है. उन्होंने कहा कि विश्व बैंक पाकिस्तान की आज की आर्थिक स्थिति को लेकर बहुत चिंतित है. पाकिस्तान तेजी के साथ गरीबी के जाल में फंसता जा रहा है, जिससे पहले से आर्थिक बदहाल पाकिस्तान के लिए बड़ा संकट खड़ा हो सकता है. गौरतलब है कि देश में 3.65 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन के आय स्तर को गरीबी रेखा माना जाता है.



## बारिश का कहर ,रेल लाइन पर गिरा पहाड़ से मलबा

**जगदलपुर/दंतेवाड़ा,24 सितंबर**

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से कोरापुट-विशाखापटनम मार्ग पर देर रात मनबर व जरटी स्टेशन के बीच भूस्खलन हो गया, जिससे रेलमार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। रेलमार्ग पर पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा आकर गिरने से ट्रैक और ओएचई केबल को काफी नुकसान हुआ है। इसके चलते विशाखापटनम से किरंदुल व जगदलपुर के बीच चलने वाली ट्रेनें कोरापुट में ही रोका गया है। भूस्खलन की सूचना पर रेलवे ने मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। रेल अधिकारियों ने बताया है कि लाइन क्लियर होने में दिन भर का समय लग सकता है। जिसकी वजह से राउरकेला से जगदलपुर आने वाली एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस कोरापुट ट्रेन को रद्द कर दी गई। वहीं जगदलपुर से सुबह 5 बजे से हावड़ा के लिए रवाना हुई समलेश्वरी एक्सप्रेस जयपुर से वापस जगदलपुर लौट रही है। जिसे किरंदुल पैसेंजर को दंतेवाड़ा से जयपुर के बीच चलाया जाएगा।

## मन की बात में चंद्रयान-3 का जिक्र

**नई दिल्ली,24 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में बोल रहे हैं। ईरान उन्होंने चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग में महिलाओं के प्रदर्शन और जी ट्वेंटी के सफल आयोजन की चर्चा की है। 9 और 10 सितंबर को आयोजित हुई जी20 शिखर



सम्मेलन के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्हें सबसे अधिक जी 20 शिखर सम्मेलन की सफलता और चंद्रयान 3 की लैंडिंग को लेकर संदेश मिले है। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के साक्षी देशभर में करोड़ों लोग बने। यहां तक की इसरो के यूट्यूब चैनल पर लगभग 80 लाख लोगों ने लैंडिंग के कार्यक्रम को लाइव देखा था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से खास अपील भी की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह चंद्रयान-3 की लैंडिंग सफल को देख लोग उत्साहित हुए वो दिखाता है कि लोग इससे बेहद जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के बाद एक क्विज का भी आयोजन हो रहा है जिसका नाम चंद्रयान-3 महा क्विज रखा गया है। यह क्विज आगामी 6 दिनों तक और चलेगा जिसमें अब तक 15 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया है। प्रधानमंत्री नहीं जनता से अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस क्विज में हिस्सा लें। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की-20 शिखर सम्मेलन की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि द्द20 के सफल आयोजन से हर भारतीय की खुशी दोगुनी हो गई है।

### स्कूटी सवार डॉक्टर पति-पत्नी को कार ने मारी टक्कर

**जगदलपुर,24 सितंबर।** जगदलपुर से 10 किमी दूर पंडरीपानी मोड़ में एक तेज रफ्तार कार चालक ने स्कूटी में जा रहे डॉक्टर दंपति को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों पति-पत्नी को गंभीर चोट आई है। जिन्हें उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने जानकारी दी कि आंध्र प्रदेश निवासी डॉक्टर के स्वर्णलता 33 वर्ष व उनके पति डॉक्टर अनंत नारायण रविवार की सुबह अपनी स्कूटी पर सवार होकर चर्च जा रहे थे कि जैसे ही पंडरीपानी मोड़ के पास पहुंचे कि जगदलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने सामने से टक्कर मार दी।

## शहीदों की मिट्टी लेकर निकलेगी अमृत कलश यात्रा

**नई दिल्ली,24 सितंबर।** देश के वीर सपूतों द्वारा अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए खास कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शहीदों के आंगन की मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुंचेगी। यहां अमृत वाटिका में इस मिट्टी का प्रयोग किया जायेगा।

इसी कड़ी में देश भर में नौ अगस्त से देशव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश शुरू किया है। वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के लिए 9 अगस्त 2023 से देश के अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत राष्ट्र के रक्षक वीरों को सम्मानित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, ऑन ड्यूटी जिनकी मौत हुई या आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों के आंगन से मिट्टी एकत्र की जाएगी। इन शहीदों में देश के पहले सीडीएस स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत के आंगन से भी मिट्टी ली जाएगी। केंद्र सरकार की पहल पर गांव, पंचायत, प्रखंड, शहरी स्थानीय निकाय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। देश भर में जारी जाएगा। देशभर से आई इसी मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका तैयार होगी। ये अमृत वाटिका देश के लिए अमूल्य धरोहर होगी, जिसका निर्माण नेशनल वॉर मेमोरियल के पास होना है। ये अमृत



अमृत कलश यात्रा की खासियत है कि देश के सभी क्षेत्रों से पचहत्तर हजार कलशों में मिट्टी को भरकर दिल्ली लाया वाटिका' 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। बता दें कि दिल्ली से अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया था। इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर उन्होंने कहा था कि यह सिर्फ एक आम कार्यक्रम नहीं बल्कि आपके भविष्य के साथ जोड़ने का एक अहम जरिया है। इस दौरान अमित शाह ने मिट्टी नाम का एक खास गाना भी जारी किया था।

वहीं देश भर से कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे लोगों को अमृत कलश भी प्रदान किए थे। इस यात्रा का शुभारंभ करने के दौरान अमित शाह ने कहा कि अट्ठारह सौ सत्तावन से लेकर उन्नीस सौ सैंतालीस तक यानी कुल 90 वर्षों तक स्वतंत्रता संग्राम जारी रहा था। इस दौरान सैकड़ों लोगों को अपना जीवन न्योछावर करना पड़ा था और अपना सर्वस्व बलिदान देना पड़ा था। उन्होंने कहा कि जब कोई भारतीय भारत माता की जय बोलता है तब वह अपनी माटी की जय का नारा लगाता है। इस जय का नारा लगाने के लिए लाखों लोगों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी थी।

'आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो लाख से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया। इससे राष्ट्रभक्ति की भावना देशवासियों में फिर से संचारित हुई है। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव का समापन 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम से किया जाएगा। मेरी माटी-मेरा देश एक ऐसा कार्यक्रम है जिसके जरिए हर परिवार, व्यक्ति, नागरिक और बच्चा भी भारत को महान राष्ट्र बनाने में अपना सहयोग अपना अहम और मूल्यवान योगदान दे सकता है। बता दें कि शहीद वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए केंद्र सरकार के आह्वान पर ये कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसके तहत देश में अमर बलिदानियों की याद में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

बता दें कि इन सभी विभूतियों की याद में देश की लाखों ग्राम पंचायतों में खास तौर से शिलालेख स्थापित होंगे।



**महासमुंद।** परिवर्तन यात्रा का महासमुंद आगमन पर वार्ड 1 और 16 भाजपा कार्यकर्ता एवम वार्ड के नागरिकों द्वारा में स्वागत किया गया द्य इस अवसर पर वार्डवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा,24 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा के नहाड़ी क्षेत्र में 20 सितंबर को हुए मुठभेड़ से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इस मुठभेड़ में एक और महिला नक्सली की मौत हो गई। पुलिस के साथ मुठभेड़ में महिला नक्सली हिर्रे सपना घायल हो गई थी। दंतेवाड़ा एसपी ने इसकी पुष्टि की है। बतादें कि महिला नक्सली हिर्रे सपना पर पांच लाख का इनाम घोषित है।दरअसल, बीते दिनों दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित नहाड़ी के जंगलों में मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली थी। इस मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों के शव मुठभेड़ के बाद मिले थे, जिसमें पांच लाख की इनामी लखमे व दो लाख की इनामी मंगली का शव। इसके अलावा जवानों ने मौके से एक इंसास रायफल, एक भरमार सहित भारी मात्रा में समान बरामद कियाथा।

एक नजर

### धर्म के बारे में आपत्तिजनक कमेंट्स आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई, 24 सितंबर।** इंस्टाग्राम पर इस्लाम धर्म के बारे में गलत कमेंट्स डालने वाले आरोपी को दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 153 ए, 295 ए के तहत कार्रवाई की गई है। दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि तकिया पारा के मुतव्वली मोहम्मद शफीक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति इंस्टाग्राम पर एक ग्रुप में इस्लाम धर्म एवं उनके गुरु के बारे में गलत कमेंट्स किया है। शिकायत मिलते ही कुम्हारी निवासी अमन साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### गणेश विसर्जन की झांकियों को मिलेगा प्रोत्साहन पुरस्कार

**डोंगरगढ़ 24 सितंबर।** मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा सन् 2000 से प्रारंभ किया गया श्री गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता कार्यक्रम भव्य एवं विशाल रूप ले चुका है, शहर एवं अन्य अचल के काफी श्रद्धालुगण सम्मलित होने लगे है, तथा शहर के अन्य संस्थाओं द्वारा भी श्री गणेश विसर्जन की झांकियों को प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कार दिये जाते है । श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ के निर्णय अनुसार श्री गणेश विसर्जन के अवसर पर दिनांक 28.09.2023 दिन गुरुवार को पंचायती मंदिर गोल बाजार के पास ट्रस्ट मंडल द्वारा निर्मित मंच के सामने से निर्धारित समय में भगवान श्री गणेश विसर्जन की जो झांकियां निकलेगी, उन्हें श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुरुप ट्रस्ट समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार एक रनिंग शील्ड व 11,000/- रुपये, द्वितीय पुरस्कार एक रनिंग शील्ड व 9,000/- रुपये, तृतीय पुरस्कार एक रनिंग शील्ड व 7,000/- रुपये, सान्तवना पुरस्कार प्रत्येक मंडली को 1100/- रुपये तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा बनाई गई झांकियों में से एक सर्व श्रेष्ठ झांकी का चयन कर उक्त झांकी को 2,100/- रुपये विशेष एवं श्रेष्ठ स्थल सजावट को 2100/= रुपये पुरस्कार प्रदान किया जावेगा, उक्त अवसर पर रात्रि में ही दर्शनार्थियों के लिये निःशुल्क चाय एवं पेयजल की सुविधा ट्रस्ट समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी। विसर्जन झांकियों में मुख्य रुप से गणेश जी की प्रतिमा, चलित झांकियां, सजावट, सर्वाद एवं अनुशासन तथा समय पर पहुंचने वाली झांकियों को पुरुस्कृत जावेगा तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा बनाई गई झांकियों में से एक सर्व श्रेष्ठ झांकी का चयन कर उक्त झांकी को विशेष पुरस्कार प्रदान किया जावेगा निर्णायक मण्डल द्वारा लिया गया निर्णय ही सर्वमान्य होगा । श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं ट्रस्टीगण ने सभी भक्तजनों एवं विसर्जन झांकियों में शामिल होने वाले सभी मण्डली से निवेदन किया है कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुये शालीनता से और समय पर विसर्जन झांकियां निकाले जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें ।

### अभिनेता नितीश भारद्वाज का हमारी संस्कृति हमारी पहचान में आगमन

**रायपुर 24 सितंबर।** संस्कार भारती छत्तीसगढ़ कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था है जिसके द्वारा आयोजित कार्यक्रम हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत (1001 देव रूपों में सुसज्जित बालक - बालिकाओ) का आयोजन 25 सितंबर 2023 दिन सोमवार को गांधी मैदान रामानुजगंज में समय शाम 5ः00 बजे से प्रारंभ होगा। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर छत्तीसगढ़ प्रांत सह महामंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं महाभारत सीरियल में श्री कृष्ण की मुख्य भूमिका में रहे नितीश भारद्वाज जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत माननीय रामविचार नेताम जी पूर्व गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा विशिष्ट अतिथि श्री निरंजन पंडा जी (भोपाल) राष्ट्रीय विद्या सहसंयोजक एवं श्री अनिल जोशी जी (रीवा) मध्य मध्य क्षेत्र प्रमुख संस्कार भारती होंगे श्री नीरज श्रीधर जी संस्कार भारती झारखंड प्रांत मंत्री, रंजीत सारथी जी जिला अध्यक्ष संस्कार भारती सरगुजा, अध्यक्षता रिखी क्षत्रीय जी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष संस्कार भारती के आतिथ्य में संपन्न होगा।



**कवर्धा। हरिओम गणेशोत्सव समिति कैलाश नगर।**



**कवर्धा। गांव मंगेझरी में गजानंद ठाकरे के निवास में गणेश भगवान की मूर्ति विराजित।**

# स्टील मेल्टिंग शॉप ने ठेका श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र का स्टील मेल्टिंग शॉप-2 अपने सभी लोगों को काम करने के सुरक्षित तरीके अपनाने हेतु संवाद करने और प्रोत्साहित करने में अग्रगामी रहा है। चेतना कार्यशाला की श्रृंखला में दूसरी कार्यशाला 20 सितम्बर, 2023 को मानव संसाधन विकास केंद्र के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की गयी थी। इस कड़ी की पहली कार्यशाला कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप यांत्रिकी अनुभाग द्वारा 16 अगस्त को आयोजित की गयी थी। इसी संदर्भ में, सीसीएस मैकेनिकल अनुभाग ने सुरक्षा पर बातचीत के लिए 100 ठेका श्रमिकों को उनके परिवार के सदस्यों के साथ एचआरडीसी में आमंत्रित किया था।1सत्र का उद्देश्य कार्यस्थल पर जोखिमों और खतरों के प्रति अनुबंधित श्रमिकों को



संवेदनशील बनाना था। महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य एसएमएस-द्वद्व में दिन-प्रतिदिन के काम में सुरक्षा के महत्व पर जोर देना और सुरक्षा उत्कृष्टता की यात्रा में परिवारों को शामिल करना है। महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा घर से शुरू होती है और हमें इस बात से बहुत कुछ सीखना है कि हमारी गृहिणियां घर पर चीजों को कैसे सुरक्षित रखती हैं। महाप्रबंधक डॉ. अनंत सोनटके ने घर पर सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर जोर दिया और बताया कि कैसे हमारा दृष्टिकोण हमें घर पर जोखिमों और खतरों से निपटने में मदद कर सकता है और करता रहा है। मुख्य महाप्रबंधक सुशांत कुमार घोषाल ने, एसएमएस-द्वद्व में की जा रही सुरक्षा पहलों के बारे में विस्तार से बात की और उपस्थित सभी लोगों को सुरक्षित रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल सामान्य ज्ञान का विषय है और किसी को कार्यस्थल पर उन गतिविधियों से बचने के लिए पूरी तरह सतर्क और सचेत रहना चाहिए जो सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि एसएमएस-2 एक बड़ा परिवार है और अगर हम मिलकर काम करेंगे तो कोई दुर्घटना नहीं होगी। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ते हुए कहा कि यह चेतना कार्यक्रम का पहला सत्र है और भागीदारी बहुत उत्साहजनक थी। साथ ही कहा कि सभी अनुबंध श्रमिकों को कवर किए जाने तक ऐसे और सत्र आयोजित किए जाते रहेंगे। शुरुआत मेसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग के सुरक्षा अधिकारी आफताब आलम द्वारा, एक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के साथ हुई, जिसमें प्रतिभागियों से दिखाए गए चित्रों में असुरक्षित अधिनियम की पहचान करने के लिए कहा गया। सत्र की अध्यक्षता करते हुए घोषाल ने उन्हें सुरक्षित रूप से काम करने के लिए जो भी सहायता की आवश्यकता होगी, वो सभी सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान सेफ्टी क्विज के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए।

## आयुष्मान भारत, जन आरोग्य और स्वास्थ्य सहायता योजना की दूसरी वर्षगांठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 सितंबर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 स्थित, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र के प्रबंधन ने 23 सितंबर 2021 को भारत सरकार की प्रमुख योजना - आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू की थी। आज 23 सितम्बर 2023 को इन योजनाओं की द्वितीय वर्षगांठ पूर्ण हुई है। संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में इन योजनाओं के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार किया जाता है।'पीएम-जेएवाई' दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना है, जिसका लक्ष्य बीपीएल परिवारों के लिए माध्यमिक और तृतीयक परिवारों के देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये और एपीएल परिवारों के देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 50000 रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है। यह योजना 'पीएम-जेएवाई' उन लाभार्थियों को अनुमति देती है, जिसके पास आयुष्मान कार्ड है और जो आंख, ईएनटी, दंत चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल चिकित्सा/नवजात और सामान्य सर्जरी की




बीमारियों के मुफ्त इनडोर उपचार के लिए पात्र है। रिपोर्ट के अनुसार विगत वर्ष, नेत्र विभाग के कुल 432 मामले, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के 341 मामले, नवजात शिशुओं के 332 मामले (नवजात शिशु विभाग), बाल चिकित्सा विभाग के 71 मामले, सामान्य सर्जरी के 63 मामले और ईएनटी विभाग के 34 मामलों के साथ 31 अगस्त 2023 तक कुल 1278 लोग जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र की योजनाओं का लक्ष्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करना और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामर्थ्य सुनिश्चित करना है।

## आयोग की मध्यस्थता पर शिक्षक भर्ती वर्ग-2 के होल्ड अभ्यार्थियों को जारी किया गया नियुक्ति पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 24 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के माध्यम से प्रथम चरण में कुल 83 ओबीसी शिक्षक भर्ती वर्ग 2 के अभ्यार्थियों को डीवीसी पूर्ण हो जाने के बावजूद भी नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए जाने से तथा होल्ड कर देने से परेशान होकर पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग में 20 सितंबर 2023 को आवेदन किया गया था। आवेदकों के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए संचालक लोक शिक्षण रायपुर को वस्तु स्थिति से अवगत कराने उसी दिनांक 20 सितंबर 2023 को ही पत्र जारी किया गया, आयोग का 20 सितंबर 2023 को पत्र प्राप्त होने के तत्काल बाद 21 सितंबर 2023 को होल्ड ओबीसी वर्ग के अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश की जानकारी आयोग में उपस्थित होकर सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय श्री प्रकाश मिश्रा द्वारा दिया गया है। आवेदकों द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण होने से प्रसन्न होकर आयोग में आकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी को एवं आयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उसी प्रकार श्री कमलनारायण देवांगन निवासी बिरगांव द्वारा आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि संपूर्ण औपचारिकताओं के बावजूद भी उसके पुत्र वेदप्रकाश देवांगन, सुभाष देवांगन पुत्री प्रीति देवांगन



का जाति प्रमाण पत्र विगत डेढ़ साल से नहीं बनाया जा रहा है एवं तहसीलदार महासमुंद द्वारा घुमाया जा रहा है, आयोग द्वारा आवेदक की आवेदन पर संज्ञान लेकर अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद को वस्तुस्थिति से अवगत कराए जाने बाबत आयोग से पत्र लिखा गया एवं निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए आवेदक के पुत्र पुत्री का जाति प्रमाण पत्र बनाकर आयोग के समक्ष जानकारी प्रस्तुत करें आयोग का पत्र प्राप्त होने पर 13 सितंबर 2023 को आवेदक के पुत्र वेदप्रकाश देवांगन, सुभाष देवांगन एवं पुत्री प्रीति देवांगन का स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया जिस पर आवेदक कमलनारायण आयोग में उपस्थित होकर पिछड़ा वर्ग आयोग को धन्यवाद ज्ञापित किए। पिछड़ा वर्ग आयोग कार्यालय रायपुर में 20 सितंबर 2023 को एवं 22 सितंबर 2023 को प्रस्तुत अन्य 9 प्रकरणों पर सुनवाई किया गया एवं निराकरण किया गया। पिछड़ा वर्ग आयोग में जनसुनवाई के दौरान अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू, उपाध्यक्ष श्री आर एन वर्मा, सदस्य श्री साधुचरण यादव, श्रीमती किरण सिन्हा, सचिव श्री बीरू कुमार साहू, अनुसंधान अधिकारी श्रीमती अनिता डेकाटे जी उपस्थित रहीं।

## मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य के स्कूली बच्चों को दी जाएगी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग

**दुर्ग, 24 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप ख्याति प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा प्री मेडिकल टेस्ट (नीट) और प्री इंजीनियरिंग (आईआईटी, जेईई मेन एवं एडवांस) की कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग के लिए संस्थान का चयन प्रक्रियाधीन है। राज्य शासन के निर्णय अनुसार 25 सितम्बर 2023 से इस योजना का शुभारंभ राज्य के 146 विकासखण्ड मुख्यालयों में बीआरसीसी केन्द्र या इसके नजदीक हायर सेकेण्डरी में ऑनलाइन अध्ययन की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त 04 शहरी स्त्रोत केन्द्रों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर व कोरबा में (सीआरसी) संचालित किए जाना है। कोचिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम से चयनित संस्था द्वारा प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की थी की दूरस्थ क्षेत्रों के शासकीय शालाओं के 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग हेतु देश की ख्याति प्राप्त संस्थाओं द्वारा सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को कोचिंग के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि, चूंकि ख्याति प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान का चयन अभी नहीं हो पाया है इसलिए भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान और गणित विषय के शासकीय संस्थाओं से ऑफलाइन माध्यम से प्रारंभ करने की कार्यवाही की जाए। इस संबंध में कोचिंग के लिए उपयुक्त भवन या कक्ष का चयन किया जाए। प्रत्येक कक्ष में 100 प्रशिक्षणार्थियों में 50 मेडिकल और 50 इंजीनियरिंग का चयन किया जाए। प्रशिक्षणार्थियों का न्यूनतम 60 प्रतिशत अंको के साथ कक्षा 10 वीं में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी को संबंधित विकासखण्ड, शहर के शासकीय विद्यालय में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए। विकासखण्ड मुख्यालय की शालाओं में कक्षा 12 वीं में जीवविज्ञान तथा गणित संकाय अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर कक्षा 10 वीं की प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर चयनित किया जाएगा। कोचिंग प्रतिदिन अपरान्ह 4.30 बजे से 6.30 बजे तक संचालित होगी। विषयवार प्रशिक्षण रोस्टर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तैयार किया जाएगा।

प्रत्येक कोचिंग केन्द्र में भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान और गणित विषय के लिए नोडल शिक्षक चिन्हित किया जाएगा और एक मुख्य नोडल अधिकारी भी होगा, जो प्राचार्य, वरिष्ठ व्याख्याता स्तर का होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा केन्द्र वार नोडल अधिकारी का चयन कर आदेश जारी किया जाएगा। इन चयनित नोडल अधिकारियों को मानदेय का प्रावधान रहेगा। इसका भुगतान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जाएगा। कोचिंग संस्थान तथा विद्यार्थियों के मूल्यांकन के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा मानक मूल्यांकन पत्र विकसित किया जाएगा। कक्षा अध्यापन का प्रसारण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के एडूसेट से किया जाना है। प्रसारण ई-विद्या चौनल के माध्यम से चौनल क्रमांक 72 पर ऑन एयर किया जाएगा तथा ऑनलाइन प्लेटफर्म गूगलमीट के माध्यम से 150 केन्द्रों में बैठे विद्यार्थी विषय विशेषज्ञों से चर्चा कर पाएंगे।

### जिले में अब तक 879.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 24 सितम्बर।** जिले में 1 जून से 23 सितंबर तक 879.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 1055.2 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 613.4 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 833.4 मिमी, तहसील धमधा में 883.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 883.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 1009.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

समाचार संक्षेप

### गणेश पंडालों में पहुंच रही रक्षा टीम, चेन स्नेचिंग से सतर्क रहने की दे रही जानकारी



**भिलाई, 24 सितंबर।** जयंती स्टेडियम में आयोजित प्रियंका वाड्रा के कार्यक्रम में चेन स्नेचिंग की घटना के बाद अब रक्षा टीम गणेश पंडालों में जाकर लोगों को भीड़ में अपने व कीमती सामानों का ध्यान रखने की जानकारी दे रही है। आईयूसीएडब्ल्यू के अधिकारी मौके पर ही चेन स्नेचिंग का डेमो कर बता रहे हैं साथ ही उससे सतर्क रहने के तरीकों की भी जानकारी दे रहे हैं। आईयूसीएडब्ल्यू डीएसपी शिल्पा साहू और रक्षा टीम की सदस्य शहर के गणेश पंडालों में पहुंची पंडाल में आने वाले लोगों को अपने सामान की सुरक्षा के लिए सावधान व सतर्क रहने के लिए कहा जा रहा है। महिलाओं को मौके पर ही डेमो देकर बताया जा रहा है कि वे किस तरह से अपने गहनों का ध्यान रखें। यदि कोई व्यक्ति गले में पहने आभूषणों को चोरी करने का प्रयास करता है तो उस पर कैसे ध्यान दे । साथ ही लोगों और पुलिस के मदद लेने के तरीके के बारे में भी बताया जा रहा है। सभी पंडालों पर पुलिस के नंबर भी लिखे गए हैं। लोग उन नंबरों पर घटना की जानकारी दे सकते हैं।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को निःशुल्क सहायक उपकरणों के वितरण हेतु परीक्षण शिविर

**भिलाई, 24 सितंबर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र जो की इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार का एक 'महारत्न' उपक्रम द्वारा सी.एस.आर. योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ङ्कएलिम्को जो भारत सरकार का एक 'मिनीर सार्वजनिक उपक्रम है, के सहयोग से भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अन्तर्गत ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, दृष्टी बाधितार्थ फोल्डिंग छड़ी, ट्राईपोड, टेट्रोपोड, सर्वाइकल कालर, नी ब्रेस आदि उपकरणों के निःशुल्क वितरण हेतु निम्नलिखित स्थान पर परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग, जिला दुर्ग (छ.ग.) का भी सहयोग रहेगा। दिनांक 25 सितम्बर को प्रातः 10ः30 से 5ः30 बजे तक भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर 6 ई-मार्केट के पास, दिनांक 26 सितम्बर 2023 को प्रातः 10ः30 से 5ः30 बजे तक वार्ड क्रमांक 03 मंगल भवन पालिका परिषद ऑफिस के समीप अहिवारा में तथा दिनांक 27 सितम्बर 2023 को प्रातः 10.30 से 5.30 बजे तक देवांगन समाज भवन, पाटन में किया जायेगा। उपकरणों को प्राप्त करने के लिए, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ जन परीक्षण शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षण अवश्य करायें। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण स्वरुप राशन कार्ड, बी.पी.एल. कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि की फोटो कापी एवं आय प्रमाण पत्र। इसके साथ ही सांसद, विधायक, एसडीएम, तहसीलदार, ग्राम प्रधान एवं नियोक्ता द्वारा निर्गत तथा दिव्यांगता दर्शाती हुई एक पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है।

### महिला को अकेली पाकर दो परिचितों ने किया बलात्कार, एक गिरफ्तार

**भिलाई, 24 सितंबर।** वैशालीनगर थाना क्षेत्र में महिला को अकेली पाकर दो परिचितों द्वारा मिलकर उसके साथ गैंगरेप करने



का मामला सामने आया है। पति, बच्चों के साथ नवाखाई त्यौहार मनाने ओडिशा गया था। लौटने पर पीड़िता ने पति को आप बीती बताई। रिपोर्ट पर पुलिस इस मामले में धारा 376 (घ), 450, 506 के तहत अपराध दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता निर्माणाधीन मकान के स्टोर रुम अपने परिवार के साथ रहती है और मजदूरी का काम करती है। 17 सितंबर की दोपहर 2 बजे पीड़िता का पति बच्चों को लेकर नवाखाई त्यौहार मनाने के लिए काटाभांजी जिला बलांगीर ओडिशा चले गए थे। 18 सितंबर की रात में पीड़िता दरवाजे में बिना कुंडी लगाए सो गई थी। रात 11 बजे दो परिचित घर में आए और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पति के ओडिशा से घर लौटने पर पीड़िता ने आप बीती बताई। सीसीटीवी कैमरा देखने पर पीड़िता के पति ने दोनों को पहचान लिया। शनिवार को पीड़िता ने पति के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी शंकर जगत ( 40 वर्ष ) निवासी नेहरू नगर मूलत ओडिशा को गिरफ्तार कर लिया है वहीं दूसरे आरोपी जय कुमार की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### आपसी रंजिश के चलते हमला

**राजनांदगांव 24 सितंबर।** आज दिनांक 23.09.2023 को एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर मेडिकल अस्पताल पेन्ड्री राजनांदगांव में भर्ती होने की सूचना पर अस्पताल पहुंच कर मुत्तजर्रर यशवंत यादव पिता युगल कियोार यादव उम्र 36 वर्ष साकिन वार्डनं. 43 बंगाली चाल बसंतपुर जिला राजनांदगांव से पूछताछ करने पर मुत्तजर्रर ने दिनांक 22-23/09/2023 की रात्रि 12:30 से 01:00 बजे के मध्य होटल रेलिस होटल के पास आरोपी राहुल मरकाम पिता शंकर मरकाम उम्र 21 वर्ष साकिन बंगाली चाल बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) द्वारा पुरानी बात व आपसी रंजिश को लेकर मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से गले में वार कर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोंट पहुचाना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 747/23 धारा 294, 307 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान अभिषेक मीना व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय अमित पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी के पतासाजी हेतु टीम तैयार किया गया, गठित टीम के द्वारा 04 घंटे के भीतर आरोपी राहुल मरकाम पिता शंकर मरकाम उम्र 21 वर्ष साकिन बंगाली चाल बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को पता तलाश कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है जिनसे पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय पेश किया जाएगा ।

### 7 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव 24 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्रीमान अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। आज दिनांक 23.09.2023 को शहर के चौक चौराहे में पुलिस की उपस्थिति में हुडदंग करने वाले व शांति व्यवस्था को भंग करने वाले अनावेदक 1. आशीष साहू पिता शिवप्रसाद साहू उम्र 20 वर्ष साकिन वार्ड नं. 35 कुंआ चैक लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव 2. धन्नू उर्फ धनराज पिता लक्ष्मीनारायण साहू उम्र 22 वर्ष साकिन अटल आवास पेन्ड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव 3. आकाश ठाकुर पिता धनुक लाल ठाकुर उम्र 26 वर्ष साकिन कुंआ चैक लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव 4. प्रकाश देवांगन पिता स्व0 नारायण देवांगन उम्र 21 वर्ष साकिन विजय नगर वार्ड नं. 12 थाना मोहन नगर जिला दुर्ग 5. शाहिल उर्फ बिट्टू पिता सुरेश गजभिये उम्र 22 वर्ष साकिन आमापारा वार्ड नं. 12 दुर्ग थाना मोहन नगर जिला दुर्ग 6. राज पाण्डेय पिता ज्ञानू पाण्डेय उम्र 21 वर्ष साकिन चैखड़िया पारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव 7. रूपेश महानंद पिता ताराचंद महानंद उम्र 34 वर्ष साकिन वार्ड नं. 11 स्टेशन पारा राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव को धारा 151 जा0फौ0 के तहत तत्काल गिरफ्तार कर धारा 107,116(3) जा0फौ0 के तहत कार्यवाही कर श्रीमान् एस डी एम महोदय राजनांदगांव के न्यायालय पेश किया गया जहाँ जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।

### धारदार हथियार से हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 24 सितंबर।** प्रार्थिया सावित्री बाई साईमन पति अल्बर्ट साईमन उम्र 65 साल द्वारा जिला मेडिकल कालेज राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पुत्र सोनू साईमन को दिनांक 19.09.2023 के रात्रि करीब 11:30 बजे आरोपी दिपेन्द्र गोंड़ उर्फ मशान, राहुल वैष्णव व तरूण पवार और उनके अन्य साथी पुरानी रंजीश को लेकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाये है जो जिला मेडिकल कालेज हास्पीटल में एडमिट है इस पर थाना बसंतपुर में धारा 307, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। बाद दिनांक 21.09.2023 को आहत सोनू साईमन का ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिस पर मर्ग पंचनामा कर धारा 302 भादवि जोडा गया। दिनांक 20.09.2023 को घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा मामले की सूचना वरिष्ठ पुलिस अिकारियों को दिया गया जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन में तत्काल थाना बसंतपुर एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु भेजा गया, मुखबिर एवं सायबर टीम के सूचनाओं और लोकल थाना स्तर पर आरोपियों की खोजबिन किया गया पुलिस की तत्परता से दो आरोपी पकडे गये तथा तीन आरोपी ट्रेन से दीगर राज्य भागने के लिए फरार हो रहे थे जिसे आर.पी.एफ. रायपुर की सहायता से रायपुर रेल्वे स्टेशन में पकड़ लिया गया।

# अवैध चखना सेंटर चलाने वालों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 24 सितंबर।** अवैध रूप से चखना दुकान संचालित कर बैठाकर शराब पिलाने वाले 06 चखना दुकान वालों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस सी मिली जानकारी अनुसार 22 सितम्बर 2023 को को सूचना प्राप्त हुआ की बेलगांव रोड किनारे लगे चखना दुकान के दुकानदारो द्वारा लोगो को शराब पिलाने की सुविधा मुहैया करा रहे है, कि सूचना प्राप्त होने पर टीम के द्वारा मुखबीर के बताये स्थान पर तत्काल दबिश देकर लोगो को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते हुये रंगे हाथो पकडा गया। चखना संचालक1-ललीत सिन्हा पिता लीलाराम सिन्हा उम्र 25 साल साकिन बेलगांव थाना डोंगरगढ़,सोमनाथ यादव पिता राजु यादव उम्र 25 साल साकिन खुंटापारा वार्ड नं. 01 डोंगरगढ़,शिवकुमार साहू पिता सालिक राम उम्र 38 साल साकिन बेलगांव थाना डोंगरगढ़,परसादी कंवर पिता बिसनाथ कंवर उम्र 52 साल साकिन बेलगांव थाना डोंगरगढ़,जगमोहन गोंड़ पिता पल्टूराम गोंड़ उम्र 42 साल साकिन बेलगांव थाना डोंगरगढ़ ,तिलक भालेकर पिता डेरहा राम भालेकर उम्र 35 साल निवासी भैंसरा थाना डोंगरगढ के विरूध्द में अपराध क्रमांक 597/2023, 598/23, 599/23, 600/23, 601/23, 602/23 धारा 36-सी आबकारी एक्ट के 06 प्रकरणो पर कार्यवाही कर पृथक से धारा 151/107,116 (3) जा.फौ. की कार्यवाही कर माननीय अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय डोंगरगढ पेश किया गया।

इस कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुलिस अधिकारी-उनि रामेश्वरी बघेल, सउनि राम कृष्ण अनंत, प्र0आर0 501 अजीत टोप्पो का रहा है।

### आदतन बदमाश से 1 नग धारदार चाकू जप्त

**डोंगरगढ़ ।** खुलेआम धारदार हथियार रख कर डराने धमकाने वाला आरोपी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 21 सितम्बर 2023 को मुखबीर से सूचना मिला कि, एक व्यक्ति करबला चौक डोंगरगढ़ के पास धारदार चाकू लेकर लहराकर लोगो को डरा धमका कर घूम रहा है की सूचना पर पुलिस बल करबला चौक डोंगरगढ़ के पास पहॅुचा आरोपी पुलिस को आते देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम मुकेश



कामडे पिता स्व0 इन्द्रप्रसाद कामडे उम्र 28 साल साकिन इंदिरा नगर डोगरगढ का रहने वाला बताया । विधिवत् तलाशी लेने पर एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 595/2023 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# मानव मंदिर चौक का सौंदर्यीकरण करने महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 24 सितम्बर।** माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान संस्कारधानी वासियों की मांग पर विभिन्न समाजों के भवन निर्माण, मुक्तिधाम, तालाब, उद्यान तथा मूलभूत सुविधा के अलावा चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिये करोड रूपये प्रदान किये है। जिसका नगर निगम द्वारा क्रियान्वयन किया जा रहा है। चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण की कड़ी में आज मानव मंदिर चौक का सौंदर्यीकरण कर आर्कषक एवं भव्यता प्रदान करने भूमिपूजन किया जा रहा है, उक्त उदगार महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज चौक सौंदर्यीकरण के भूमिपूजन अवसर पर दिये। उन्होंने कहा कि संस्कारधानीवासी एवं महाकाल भक्तजनों द्वारा मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक कर सौंदर्यीकरण करने की मांग की गयी थी, महाकाल चौक नामकरण के लिये निगम में प्रक्रिया की जा रही है, प्रक्रिया उपरांत सौंदर्यीकरण के साथ जल्द चौक का नामकरण महाकाल चौक किया जायेगा। मानव मंदिर चौक में सौंदर्यीकरण के लिये आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक बंधुओं एंव महाकाल भक्तो की उपस्थिति में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर छ.ग. पर्यटन मण्डल के सदस्य श्री निखिल द्विवेदी, छ.ग. बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता गजभिये, छ.ग. असंगठित कर्मकार संघ के सदस्य श्री विरेन्द्र चौहान, पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया व श्री सुदेश देशमुख, समाजसेवी श्री पदम कोठारी, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर वंजारी,सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, विनय झा, भागचंद साहू, गणेश पवार, राजेश गुप्ता चम्पू, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अनीम हुद्दा, पार्षद सर्वश्री अजय छेदैया, श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, शरद पटेल, ऋषि शास्त्री, नामांकित पार्षद मामराज अग्रवाल,श्री झम्मन देवांगन, श्री प्रभात गुप्ता, पूर्व पार्षद श्री दिनेश शर्मा, श्री अवधेष प्रजापति, श्रीमती माया शर्मा, जिला हाकी संघ के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी, समाजसेवी श्री थानेश्वर पटिला, श्री कमल जीत सिंह पिन्टू,श्री सूर्यकांत जैन, श्री पवन डागा, श्री संजय रिजवानी,राजू ढागा, अमित खण्डेलवाल, श्रीमती रीना पटेल, समाज प्रमुख सर्वश्री आवतराम तेजवानी, संजय तेजवानी, प्रशांत अग्रवाल, शिव राठी, दयावान देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## दावेदारों ने एकजुट होकर कांग्रेस को जिताने लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 सितंबर।** विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त 31 दावेदारों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक अध्यक्ष युकांध्यक्ष महिला कांग्रेस अध्यक्ष जोन सेक्टर प्रभारियों एवं प्रमुख कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति में समस्त दावेदारों ने एकजुटता दिखाते हुए कांग्रेस पार्टी की ओर से जिस व्यक्ति को भी उम्मीदवार बनाया जायेगा उसे विजयी बनाने के लिए चुनाव में पार्टी का निष्ठा पूर्वक काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक भूनेश्वर बघेल पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष गण डोंगरगढ शहर संजीव गोमास्ता ग्रामीण सुरेश सिन्हा मुढ़ीपार कोमल साहू घुमका रतन यादव श्रीमती क्रांति बंजारे नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम पुष्पा वर्मा धीरज मेश्राम शिशुपाल भारती भारत भूषण मेश्राम डॉ दिवाकर रंगारी श्रीमती सुलोचना मार्कंडेय अमीन उके उमेश रगड़े सुनील रामटेके अश्वनी कुमार डहरिया संदीप सिरमौर रिम्मी भाटिया हरिश भंडारी रिंकू महोबिया विक्की क्षत्री तेजराम वर्मा प्रमोद ठाकुर जितेन्द्र भाटिया गिरीश साहू ओमप्रकाश साहू दिनेश पुराणिक मधुसूदन साहू युकां विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव तरूण फुले उमेन्द्र वर्मा शोहेल खान अमीत राजपूत गीता लाल महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया हंसा सिन्हा अकिल कुरैशी दिनेतु जांगड़े गणेश साहू अमन उज्वजने सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।




## रावतपुरा कालोनी में द्वितीय वर्ष विराजे गजराज



**रायपुर 24 सितंबर।** रावतपुरा कालोनी वासियों ने पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी गजराज विराजमान का सपना संजोए रखा था,उनका यह सपना अब वर्ष 2023 की गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर साकार हुआ है। कालोनी निवासी प्रेमप्रकाश गजेन्द्र ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति बप्पा ने रावतपुरा कालोनी जाने का मन पहले ही बना रखा था, इसलिए अचानक से ही आनन - फानन बिना कोई कार्य योजना तैयार किये और बिना कोई मीटिंग किये भगवान गजराज जी को निमंत्रण देने के लिए नारायण सिंग ठाकुर,अभिषेक शुक्ला,प्रेमप्रकाश गजेन्द्र,नरेश सेन,शक्ति सोनकर, राघवेन्द्र सिंग ठाकुर, शशिकांत पटेल, निखिल सेन,विकास राय और मोनू दिवान जी,चंद्रभूषण जी के साथ चल पड़े। राघवेन्द्र सिंग ठाकुर जी ने बताया कि गणेश चतुर्थी की संध्या को भगवान गजराज जी के द्वितीय वर्ष आगमन पर कालोनी वासियों ने गाजे - बाजे डीजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात पं. पांडे जी ने भगवान गजराज जी विधि - विधान से पूजा - अर्चना कर स्थापना की एवं मोदक, मोतीचूर के लड्डू, श्रीफल, केला और सेब से भोग लगाया। कैलाश पाल जी का कहना है, कि कमल की पंखुड़ि में विराजमान भगवान गजराज की मनमोहक छटा देखने में अत्यंत सुंदर लग रही है। अभिषेक शुक्ला जी ने बताया कि द्वितीय वर्ष में भी भगवान गजराज से मोहल्ला में बड़े - बुढ़े और बच्चों में खुसी की लहर छाई हुई है। इस मंगलमय मौके पर समस्त कालोनी वासियो के बच्चे और महिलाएं बहुतायत की संख्या में उपस्थित थे।

## महिला आरक्षण बिल पारित होने पर पीएम नरेंद्र मोदी का आभार : विक्रांत सिंह

**खैरागढ 24 सितंबर।** देश की नई संसद में पहली बैठक के दौरान ही लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण बिल पेश किए जाने पर महिलाओं में काफी उत्साह है। राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह ने इसे लेकर मोदी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के राजनीतिक परिवेश को बदल देने वाला साबित होगा। संसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश होने पर आभार जताते हुए विक्रांत सिंह ने कहा



कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में पिछले नौ वर्षों से निरंतर न सिर्फ समाज में महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने का काम किया गया है। अपितु आर्थिक रूप से भी समस्त महिलाओं को मजबूत करने का प्रयास मोदी जी का रहा है। यह दिखाता है कि मोदी सरकार सिर्फ कथनी में ही नहीं करनी में भी महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं कैसे मजबूत हों इस दिशा में कार्य करती है। देश में महिलाएं पचास प्रतिशत मतदाता है। इस आधार पर मोदी सरकार ने लोकसभा में इसे पारित करवाकर यह अधिकार अब महिलाओं को दिया है। जो लोग इसका विरोध कर रहे है। उन्हें जनता आने वाले समय में जवाब देगी। आने वाले दिनों में अब अधिक महिला जनप्रतिनिधि संसद और विधानसभा में पहुंचेंगी।

### सट्टा किंग के आतंक से लोगों को राहत

**डोंगरगांव 24 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , जिला राजनांदगांव अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,आईयुसीएडब्ल्यु राज0 नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी डोंगरगांव निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे शासन के नियमों का पालन करते हुये कई मामलो मे संलिप्त आदतन आरोपी के विरूद्ध वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराते हुये थाना प्रभारी डोंगरगांव, के द्वारा माननीय न्यायालय जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव,छ0ग0 को थाना डोंगरगांव के आदतन आरोपी कीर्तन सोनकर पिता स्व0 केजउ राम सोनकर उम्र- 53 साल, पता ग्राम अमलीडीह , थाना डोंगरगावं जिला राजनांदगांव,छ0ग0, जिसके नाम से पिछले वर्ष 2003 से अब तक 19 अपराध 09 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज है एवं उक्त आरोपी से क्षेत्रार्गत काफी आक्रोश होने के संबंध मे उल्लेखकर माननीय न्यायालय जिला दण्डाधिकारी महोदय ,राजनांदगांव,छ0ग0 को जिला बदर हेतु प्रतिवेदन पेश किया गया था जो उक्त आरोपी के अपराधिक रिकार्ड का अवलोकन करते हुये माननीय दण्डाधिकारी महोदय राजनांदगांव के द्वारा म0प्र0/छ0ग0 सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा- 3,5,6 के तहत 01 वर्ष के लिये जिला चष्टत्न,रूस्ष्ट,राजनांदगांव,दुर्ग, बालोद, गोंदिया(महाराष्ट्र) व बालाघाट(म0प्र0) के निवासरत मे प्रतिबंध लगाने आज दिनांक 22.09.2023 को आदेश दिया गया है।उक्त आदेश एक वर्ष के लिए दिनांक 21.9.24 तक लागू रहेगा। जिला बदर कराने मे थाना डोंगरगांव पुलिस की विशेष भुमिका रही है।

## संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने लिया मगरलोड कमार बस्ती का जायजा



**नगरी/मगरलोड 24 सितंबर।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में संयुक्त संचालक,स्वास्थ्य सेंवाए डॉ. सुरेश पामभोई ने मगरलोड विकासखण्ड स्थित कमार बस्ती का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यु.एल.कौशिक, डॉ.एस.ठाकुर. सहित जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनोज पटेल उपस्थित रहे। आयुष्मान भवः अभियान के तहत लगे स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि एनसीडी स्कीनिंग 173, उच्चरक्तचाप 67. मधुमेह 54 ओरल 121. एएनसी (आरसीएच) 13, डेंटल 37. अन्य 91 है । साथ ही भैंसमुण्डी के श्री उमेश कुमार साहू और मगरलोड के श्री रहमान खान ने अंगदान की सहमति दी।

### रेल महाप्रबंधक को विधायक बघेल ने पत्र के माध्यम से रेलवे की समस्यों से कराया अवगत

**डोंगरगढ़ 24 सितंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के रेल महाप्रबंधक शुक्रवार को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में यात्रीयो दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करने पहुंचे । जहां क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल द्वारा व्यस्तता होने के कारण अपने निजी सहायक रामजी साहू व अनिल मेश्राम के माध्यम से पत्र देकर रेलवे से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया है । पत्र के माध्यम से रेलवे महाप्रबंधक को बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर जोन का सीमावर्ती डोंगरगढ़ स्टेशन छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे प्रमुख धार्मिक पर्यटक स्थल है. यहाँ देश के कोने कोने से वर्ष भर दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन बहुत ही दुःखद मन से कहना पड़ रहा है कि रेल यात्री सुविधा के नाम से जैसा व्यवस्था होनी चाहिये कुछ भी नहीं है यह मेरा विधानसभा क्षेत्र का रेल्वे स्टेशन मोहताज है सुविधाओं के नाम से आपके संज्ञान में कुछ महत्व पूर्ण बिंदु लाना चाहता हूँ कृपया अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही कर जनहित में लोक कल्याण कारी पहल करने की विशेष अनुकंपा करेंगे । जिसमें 1 डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन प्लेट फॉर्म क्रमांक 04 में यथा शीघ्र शेड निर्माण एवम मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करे ।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ का विस्तार, संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने आह्वान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 24 सितंबर।** धमतरी पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ ने सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ें वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भागीदारी को लेकर जिला अध्यक्ष अंगेश हिरवानी के उपस्थिति में संगठन का विस्तार करने तहसील नगरी का जनरल बैठक साहू सदन नगरी में दिनांक 22 /9 /2023 दिन शुक्रवार को आहुत किया गया, बैठक में संगठन के विस्तार हेतु जिला अध्यक्ष अंगेश हिरवानी के उपस्थिति में चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें तहसील अध्यक्ष श्री सखाराम साहू करैहा, संरक्षक श्री बृजलाल साहू रानीगांव, श्री अमर सिंह पटेल बेलरगांव, उपाध्यक्ष श्री अंजोर सिंह निषाद हीरापुर, श्री कंवल राम साहू नवागांव,श्री वामदेव कौशल घटुला, श्री दिनेश यादव तुमड़ीबहार, श्री नरेंद्र प्रजापति नगरी, महासचिव पेमंत कुमार साहू डोंगरडुला, कोषाध्यक्ष श्री अनराज साहू डोंगरडुला ,सचिव श्रीसुभाष चंद्र साहू बेलरगांव, श्री सुकालू राम निर्मलकर कललेमेटा, श्री शेषनारायण साहू देवपुर, कोर कमेटी में श्री मदन सिंह पटेल नगरी, श्री सहदेव राम साहू नगरी, श्री मनीराम साहू भुरसी डोंगरी, श्री भंवर सिंह पटेल साकरा, श्री मानक लाल साहू परसा पानी, श्री नीलांबर साहू बेलरगांव, श्री आदेश्वर साहू, श्री सुरेश कुमार साहू नवागांव,श्री रघुवीर साहू डोंगर डुला, श्री जय कृष्णा साहू राजपुर, श्री केशव लाल प्रजापति राजपुर, श्री रामदास बघेल राजपुर, श्री लेख राम साहू बिलभद्रर, श्री नंदकिशोर सोनी घटुला, श्री गुडेश्वर साहू घटुला, श्री रायसिंह पटेल साकरा, श्री भगत राम पटेल चमेंदा, श्री प्रवीण यादव साकरा, श्री नरेश यादव भोथली, श्री वीर कुमार साहू नगरी, श्री दुर्गा प्रजापति नगरी का नाम सर्वसम्मति से चुना गया है, इस दौरान सभी पदाधिकारीयों ने एक सुर में कहा कि संविधान में जो अधिकार हमारे समाज को मिला है उसे शीघ्र दिया जाए।

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदियों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 सितम्बर।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत 20 से 22 सितम्बर तक नगर निगम में आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीयों ने परिवार सहित बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और 5 सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया।




स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत इंडियन स्वच्छता लींग 2.0 सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है, इसी कडी में 20 से 22 सितम्बर तक सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर नगर निगम में आयोजित किया गया, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित दो मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 533 सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों एंव उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें लेब टेस्ट कर कर्मियों को दवा वितरण किया गया। लेब टेस्ट में शुगर, डी-3, बी-12, सी.बी.सी. व एच.बी. टेस्ट कर्मियो एंव उनके परिवार का किया गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजित पंजीयन शिविर में सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने 168 सफाई कर्मियों ने आवेदन प्राप्त किया जिसमें आयुष्मान योजना के लिये 1 आवेदन लिया गया, 59 सफाई कर्मियों ने श्रम पंजीयन कराया, प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना का लाभ लेने 36, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेने 55 सफाई कर्मी व स्वच्छता दीदीयों ने पंजीयन कराया। इसी प्रकार नल कनेक्शन के लिये 5 आवेदन लिया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने 12 आवेदन लिया गया, इस प्रकार शासन की महती विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने 168 सफाई कर्मी व स्वच्छता दीदीयों ने आवेदन तथा पंजीयन कराया। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत कचरा मुक्त करने कचरा पृथककरण, साफ सफाई के संबध में लोगों को समझाईस दिया जा रहा है।

एक नजर

## कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा



**सुकमा, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के एक दिवसीय प्रवास का कार्यक्रम की तैयारियों एवं आम सभा स्थल हाई स्कूल मैदान, छिंदगढ़ का कलेक्टर श्री हरिस. एस ने अवलोकन किया और अधिकारियों को आयोजन की तैयारियों के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज श्री कमललोचन कश्यप, एसपी श्री किरण चव्हाण, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, एसडीएम छिंदगढ़ श्री प्रताप विजय खेस्स सहित अन्य जिला स्तरीय आधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया दुकानों का लोकार्पण



**बचेली, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एन.एम.डी.सी.सलरी पाईप लाईन मद अंतर्गत वार्ड क्र.13 अंबेडकर पार्क के पास बचेली नगर पालिका क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण में प्रभावित दुकानदारों के लिए 7 नग दुकान निर्माण कार्य लागत राशि रूपये 17.01 लाख का लोकार्पण पूजा साव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बड़े बचेली के कर कमलों द्वारा किया गया। इस लोकार्पण में उस्मान खान उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बड़े बचेली, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष दुबे, पार्षदगण किरण जायसवाल, फिरोज नवाब, दमयंती साहू, एल्डरमेन सुशीला नियाल, कमला सोनवानी, ब्रह्मा सोनानी, रघु कुमार, गोपाल कश्यप, जीएस कुमार, देवेन्द्र नायक, संजीव साव, युवा कांग्रेस जिला महासचिव अविनाश सरकार, प्रदेश प्रवक्ता सलमान नवाब, संटू भट्टाचार्य, बबलू सिंह, कार्तिक प्रधान, एवं एस.आर.सोरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, गौरव साव उपअभियंता तथा नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंकज जैन बने जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष



**नारायणपुर, 24 सितम्बर।** नारायणपुर जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए आज मतदान आज जिला व्यापारी संघ के भवन में किया गया। जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए पंकज जैन, सचिन जैन, अर्जुन देवांगन और नरेंद्र मेश्राम मैदान में थे। जिला व्यापारी संघ के चुनाव में 320 मतदाताओं में से 313 व्यापारियों ने मतदान किया और मतदान का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया था। जिसमे पंकज जैन को 201 वोट, सचिन जैन को 63 वोट, अर्जुन देवांगन को 42 और नरेंद्र मेश्राम को 7 वोट मिले। इस तरह पंकज जैन ने 138 वोटो से एक तरफा जीत हुई। जिला व्यापारी संघ का चुनाव सुबोध बैनर्जी, सुनील राठौर, कमलापति मिश्रा, संजय नदी और मोहम्मद फिरोज खान ने संपन्न कराया। पंकज जैन की जीत के बाद व्यापारियों की बधाई का सिलसिला शुरू हुआ, पंकज जैन ने जहा वरिष्ठ व्यापारी का चरण स्पर्श का आशीर्वाद लिया वही बाकी व्यापारियों गले लगाकर बधाई दी। वही पंकज जैन ने व्यापारी के हित में कार्य करने के साथ सभी व्यापारियों को मोती की माला की तरह पिरोकर एक साथ रखने की बात कही। वही जो स्नेह, विश्वास एवम् आशीर्वाद मुझे आपका निरंतर मिलता रहा उसके लिए मेरा रोम रोम आप सभी का कृतज्ञ रहेगा। कम आयु होने के बाद भी आपने ने मुझे जो दूसरी बार जिम्मेदारी सौंपी उस पर खरा उतरने को मैं सदा कृत संकल्पित रहूंगा। मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा।

### सर्व आदिवासी समाज ने ताड़मेटला मुठभेड़ को फर्जी करार दिया

# समाज के आह्वान पर सुकमा बंद





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 24 सितम्बर।** 23 सितम्बर को सुकमा बंद रहा। ताड़मेटला मामले को लेकर सर्व समाज ने जिला बंद का आह्वान किया था। ताड़मेटला में हुए दो ग्रामीणों की हत्या को लेकर सुकमा बंद सफल रहा। बताया जा रहा है कि आदिवासी बेकसूर की हत्या हो रही है। फर्जी मुठभेड़ का आरोप पुलिस पर लगाया गया है। सुकमा में छोटी व बड़ी दुकानें बंद रहीं। ताड़मेटला मुठभेड़ को ग्रामीणों व सर्वसमाज ने फर्जी बताया है। इस घटना से आदिवासियों में आक्रोश है। जिले के सर्व आदिवासी समाज के द्वारा 23 सितंबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय बंद का आह्वान था। बंद को सफल बनाने के लिए सर्व आदिवासी समाज ने अपील भी की है। जिसमे आज पूरे सुकमा जिला बंद रहा। दुकाने भी बंद नजर आई। मामला यह था कि आपको बता दें, 5 सितंबर को कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ में ताड़मेटला के दो लोग मारे गए हैं, इस घटना के बाद मामला बहुत सरगर्मी तेज होती जा रही है। जहां आदिवासी समाज की द्वारा पहले से ही विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, तो वहीं बस्तर सर्व आदिवासी समाज इस घटना को लेकर 16 सितम्बर को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर पीड़ित परिवार को मुआवजा व दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग कर चुका हैं। कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती हो सकती हैं।

वही सर्व आदिवासी समाज के द्वारा मुख्यमंत्री प्रवास से एक दिन पूर्व 23 सितंबर को सुकमा जिले बंद का आह्वान किया गया है। सर्व आदिवासी समाज का कहना है कि इस बंद को सफल बनाने के लिए सभी वर्ग के लोग दुकानदारों ने समर्थन किया है। सभी व्यापारीयों एवं संघ हर वर्ग के लोगो को धन्यवाद दिया है। दरअसल कल रविवार 24 सितंबर को सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लाक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दौरा है। सुत्रो के हवाले से जानकारी मिली है कि कुछ राजनीतिक दल मुख्यमंत्री का छिंदगढ़ आगमन का विरोध करने की तैयारी कर रही है।

वही कोयाकुटमा समाज के जिला अध्यक्ष विष्णु कवासी ने बताया कि ताड़मेटला में फर्जी मुठभेड़ में मारे गए दो व्यक्तियों को सरकार की तरफ से मुआवजा मिले तथा निर्दोष लोगों को मरने वालों को सख्त कार्रवाई होना चाहिए। वहीं सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष सोमाराम मड़काम ने बताया कि हमारे आदिवासी समाज के लोगों के साथ राज्य सरकार व अधिकारी प्रशासन के द्वारा दूर व्यवहार किया जाता है, जैसे की ताड़मेटला में दो निर्दोष लोगों को पुलिस के द्वारा गोली मार दिया गया था, उसे पुलिस वालों के ऊपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया और ना ही निर्दोष व्यक्ति मारे जाने वाले को कोई सरकार की तरफ से मुआवजा नहीं मिला। अगर दोषियों को सजा नहीं मिलेगा और पीड़ित परिवार को मुआवजा नहीं मिलेगा तो सर्वआदिवासी समाज के द्वारा इससे भी बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे।

रामा सोड़ी, संजय सोड़ी, दीपक बारसे,सुखराम नाग, सुनील सोड़ी, गंगाराम बघेल, महेश कुंजाम, लच्छू नाग, गणेश मांडवी, लच्छू मरकाम, भीमा माड़वी, संतोष सेंडी, आदि लोग मौजूद रहे।

## छिन्दगढ़ से तोंगपाल तक सड़क की मरम्मत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 24 सितम्बर।** वाह रे प्रशासन! हाईवे सड़क मे आवागमन करने के लिए आम लोगो को जान जोखिम मे डाल कर हर रोज चलना पड़ता है तब कोई सड़क बनाने की चिन्ता नही है, मूख्यमंत्री का आगमन हो रहा है उनसे बचने के लिए सड़क को अधिकारी रोड के ऊपर खडा होकर काम करवा रहे है, इससे साबित होता है कि हर दिन इस रोड मे चलने वाले आम नागरिको के लिए इस रोड मे दुर्घटना होने का शासन प्रशासन ने कोई चिन्ता नही किया किया, वाह रे भूपेश सरकार अब समझ मे आया है ये भूपेश है तो बरोसा है, नही बल्कि भूपेश आया तो सड़क पर गढ्ढा नही है, चला गया तो फिर गढ्ढा है, ये तस्वीर देख सकते है कल हम लोग छिन्दगढ होते आगे जा रहे थे तो सड़क मे हुआ बड़े बड़े गढ्ढे को रेती से लिपा पोती कर रहे थे, वाह रे प्रशासन, मुख्यमंत्री छिन्दगढ मे आने वाले है तो रोड की मरम्मत के लिए होश आया, आये दिन इस सड़क मे जान जोखिम मे डाल कर आम जनता चलते है तब सो रहे थे,मुख्यमंत्री आ रहे है तो रेती डाल कर क्या साबित करना चाहते है, इस मुद्दे पर भी विरोध होगा।

## बस्तर दशहरा-डेरी गड़ाई कार्यक्रम 27 सितम्बर को

**जगदलपुर, 24 सितम्बर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा वर्ष 2023 पूर्व वर्ष की भांति पूजा विधान डेरी गड़ाई का कार्यक्रम 27 सितम्बर को सिरहासार भवन में दोपहर 11 बजे आयोजित किया गया है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में विभिन्न पूजा विधानों के दौरान आगामी 14 अक्टूबर को काछनगादी पूजा विधान,15 अक्टूबर को कलश स्थापना एवं जोगी बिठाई रस्म पूरी की जायेगी। वहीं 21 अक्टूबर को बेल पूजा और रथ परिक्रमा विधान, 22 अक्टूबर को निशा जात्रा एवं महालक्ष्मी पूजा विधान, 23 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई और मावली परघाव पूजा विधान होगी। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के दौरान 24 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 26 अक्टूबर को काछन जात्रा तथा 27 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान पूरी की जाएगी और 31 अक्टूबर को माई दन्तेश्वरी की विदाई के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

## सीआरपीएफ ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों संग निकाली कलश यात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 24 सितम्बर।** बटालियन के द्वारा रति कांत बेहरा, कमांडेंट के निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के दौरान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत गोंगला,रामाराम, गादिरास और कोर्रा, जिला सुकमा मे किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग, स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं

नेहरू युवा केन्द्र संगठन जगदलपुर के सुकमा से राष्ट्रीय स्वयं सेवक रेशमा परवीन अपनी सहभागिता दर्ज करवाते हुए अमृत कलश यात्रा के दौरान घर-घर से मिट्टी का संकलन किया गया साथ ही रेशमा प्रवीण ने कहा कि पूरे सुकमा व छत्तीशगढ़ राज्यों से मिट्टी दिल्ली जा रहा है दिल्ली में अमृत वाटिका के लिए ये बहुत ही गर्व है हमारे छत्तीसगढ़ वासियों को लिए तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने घर से लाई गई मिट्टी को कलश में डालकर व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अमृत कलश यात्रा को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सदस्यों ने मुट्ठी भर मिट्टी लेकर पंचप्राण की शपथ भी लिया। इस कार्यक्रम के दौरान 02 बटालियन के कमांडेंट रति कांत बेहरा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सदस्य मौजूद रहे।

## डोड़पाल शासकीय माध्यमिक शाला की प्रधान अध्यापक गायब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा, 24 सितम्बर।** सुकमा जिले के डोड़पाल के शासकीय माध्यमिक शाला का मामला जहाँ सरस्वती कोर्राम प्रधान अध्यपक के पद पर नियुक्ति हुआ है लेकिन दो दिन मात्र अपनी उपस्थिति दर्ज कराई उसके बाद सहायक आयुक्त के पास पत्र देकर अपना कार्य पूर्व में पदस्थ अधिशिका के पद पर चली गई उसके बाद आज तक माध्यमिक शाला में नही जा रही है जिसको लेकर शिक्षक वंजामी भीमाराम ने बताया कि विभागीय अधिकारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी व जिला कलेक्टर को लिखित आवेदन दे दिया है लेकिन आज तक इसकी कोई कार्यवाही नही किया गया इसके लिए देखा जाये तो अधिकारियों की कमी है मामला क्या है इसका जाँच पड़ताल होना चाहिए एक प्रधान अध्यापक दो स्कूलों में कार्यरत रह रहे हैं सरकार की डबल डबल सैलरी ले रहे हैं छत्तीशगढ राज्य सरकार के नियमों का उलंघन किया जा रहा है अधिकारियों के द्वारा वही शिक्षक भीमाराम विकलांग होने के वजूद भी बच्चों को पढ़ाई लिखाई से लेकर शासकीय माध्यमिक शाला का पूरा कार्य अकेले कर रहे हैं कई कार्य ऐसे हैं जो संस्था का पढ़ाई का कार्य प्रभावित हो रहा है वही प्रधान अध्यापक सरस्वती कोर्राम को नही आने से ग्रामीण लोग भी नाराज हैं जैसे ग्रामीण क्षेत्र से बच्चों को पढ़ाई पूरी नही हो रहा है।

### पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 का आयोजन

# एनएमडीसी ने जीता 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड'

**हैदराबाद, 24 सितम्बर।** एनएमडीसी ने 17 वें पीआरसीआई ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड' जीता और सत्रह कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड अपने नाम किए । ये पुरस्कार नई दिल्ली में पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा आयोजित ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव में प्रदान किए गए।

एनएमडीसी ने सीएसआर अभियान के लिए क्रिस्टल अवॉर्ड और डिजिटल न्यूजलेटर के लिए प्लैटिनम अवॉर्ड जीता, वार्षिक रिपोर्ट, कॉर्पोरेट ब्रोशर और वेबसाइट ऑफ द ईयर के लिए डायमंड अवॉर्ड जीता, वॉल कैलंडर और अद्वितीय मानव संसाधन पहल के लिए गोल्ड अवॉर्ड, हाउस जर्नल ङ्क प्रिन्ट (क्षेत्रीय), हेल्थ केयर कम्यूनिकेशन फिल्म्स और चाइल्डकेयर के लिए सीएसआर प्रोजेक्ट का सर्वश्रेष्ठ उपयोग और वर्ष की सबसे बहुमुखी कंपनी की श्रेणियों में रजत पुरस्कार, वर्ष के दूरदर्शी नेतृत्व अभियान, सोशल मीडिया के सर्वश्रेष्ठ उपयोग, सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट कार्यक्रम, वर्ष की ग्राहक अनुकूल कंपनी और आंतरिक संचार अभियान में कांस्य पुरस्कार जीता। एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन के लिए कला, संस्कृति और खेल अभियान श्रेणी में भी एनएमडीसी को मान्यता प्रदान की गई है ।




श्री पीजय प्रकाश, महाप्रबंधक (नैगम संचार), एनएमडीसी और श्री सोमनाथ आचार्य, उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली ने एनएमडीसी की ओर से अवॉर्ड प्राप्त किए । श्री जय प्रकाश ने कहा, ÷हम ऐसे संचार अभियान बनाने का प्रयास करते हैं, जो हमारी कंपनी के मूलभूत मूल्यों के साथ गहराई से जुड़े हों । ये पुरस्कार हमारे निरंतर प्रयासों की पुष्टि करते हैं और हमें राष्ट्र के लिए एनएमडीसी की कहानी का प्रभावशाली वर्णन जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं ।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एनएमडीसी की नैगम संचार टीम को बधाई देते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, ÷एनएमडीसी की वैश्विक ब्रांड रिकॉल वैल्यू सभी विभागों के साथ परस्पर सहयोग और हमारे सभी हितधारकों को हमारी उपलब्धियों को सटीक रूप से बताने में हमारी संचार टीम की निपुणता का ही परिणाम है । हम संचार उत्कृष्टता और अपनी कंपनी के मूल्यों को गर्व के साथ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

समाचार संक्षेप

## जावंगा में प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

**गीदम, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गीदम थाना क्षेत्र के ग्राम जावंगा में एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार दोनों 12वीं क्लास की पढ़ाई कर रहे थे और एक ही गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच बीते कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, और दोनो शादी करना चाहते थे लेकिन घरवाले इस रिश्ते के खिलाफथे। इसी से आहत होकर प्रेमी जोड़े ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। यह पूरी घटना गीदम थाना क्षेत्र के जावंगा ग्राम पंचायत की बताई जा रही है। घटना के बाद गीदम पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। जानकारी के मुताबिक, दोनों प्रेमी जोड़े शुक्रवार को घर से अचानक गायब हो गए थे। घरवालों ने दोनों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद परिजनों ने गीदम पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू की तो शनिवार को गांव के पास के ही जंगल में दोनों के शव एक पेड़ से लटके हुए मिले। छात्र 18 वर्ष वही छात्रा नाबालिग बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, दोनों के परिवार एक ही गांव के हैं।बताया जा रहा है कि दोनों करीब एक साल से एक- दूसरे को जानते थे और प्रेम प्रसंग चल रहा था। हालांकि, दोनों के परिवार इस प्रेम संबंध के खिलाफथे। गीदम थाना प्रभारी सलीम खाखा ने बताया कि दोनों प्रेमी जोड़े के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। उनके परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफथे। शायद इसी बात से आहत होकर दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

## महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण पर दंतेवाड़ा जिले में भाजपा महिला मोर्चा ने किया आभार प्रदर्शन




**गीदम, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत दन्तेवाड़ा जिले में पहुँची जहा उनके नेतृत्व में दन्तेवाड़ा व गीदम मंडल में नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में महिलाओं को 33त्न आरक्षण प्रदान करने पर भाजपा महिला मोर्चा जिला दंतेवाड़ा की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से आभार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा से प्रदेश स्तरीय, जिला स्तरीय एव मण्डल स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता बहने, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, समूह की बहने, रामायण मंडली की सभी बहने एवं ग्रामीण क्षेत्र से आई हुई सभी महिला मोर्चा की बहनें मौजूद रहे जिन्होंने 33 प्रतिशत आरक्षण पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

## गीदम में मुख्यमंत्री के पाप का घड़ा फोड़ कार्यक्रम




**गीदम, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में दंतेवाड़ा जिले के गीदम मंडल में भूपेश बघेल का पाप का घड़ा फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे कांग्रेस सरकार के खिलाफजमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार के 36 वादे पूरे झूठे निकले, यह सरकार जनता को ठगने वाली सरकार है, महिलाओं पर अत्याचार करने वाली सरकार है, महिलाओं को बेरोजगार करने वाली सरकार है जिसके पाप का घड़ा गीदम में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा फोड़ा गया। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में शराबबंदी की घोषणा की गई थी पर नही हुई, कांग्रेस सरकार की कमेटी बनी दुसरे देश जाकर रिसर्च भी की उसका भी कोई निष्कर्ष नही निकला। महिलाओ के साथ छल किया गया वही रेडी टू ईट की बहनों को बेरोजगार कर दिया गया। पेंशन योजना से पेंशन बढाने की बात कही गई थी वह भी नही बढ़ाया गया न ही स्व सहायता समूह की महिलाओ की कर्जमाफी की गई, जशपुर से लेकर बस्तर तक कांग्रेस सरकार के समय महिलाओ पर अत्याचार बढ़ा है, इसी पाप का घड़ा आज फोड़ रहे है। इस कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, जिला प्रभारी नीता शाह, जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, पायल गुप्ता, सुनीता भास्कर, अंतिवेक, प्रदेश मीडिया प्रभारी आयुषी पांडे, उर्मिला तामो, दंतेश्वरी सोरी, शीला साहु, राखी पुजारी, दिनेश्वरी मांझी, दयामती नेगी, पुष्पकोर, सेल जैन, लता सोनी, सुमन ठाकुर, झीलों नाग, किरण सिंह, योगेश्वरी देवांगन, संगीता पुजारी, संगीता राव, श्याम राव, मनवाती यादव, मल्लिका अटामी, दीपक बाजपेई, राकेश कुशवाहा, शंभू नाथ यादव, श्रीकांत राव, रामू नेताम, शोरी, शिखा सरकार, राधा भास्कर, संध्या शुक्ला, मंजू भटनागर, दुर्गा, शकुंतला भास्कर, सुधराम भास्कर, एवं समूह की सभी बहने, रामायण मंडली की सभी बहने व वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता बहने उपस्थित रहे।

## बीएलओ के कार्यों की कलेक्टर ने की जांच



**उत्तर बस्तर-कांकेर, 24 सितम्बर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत अथवा स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची सें विलोपित करने तथा मतदाता सूची में त्रुटि होने पर उसे संशोधित करने का कार्य सभी बीएलओ द्वारा किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज नरहरपुर के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा भरे गये फार्म एवं रजिस्टर की जांच किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल के साथ कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक-146, 147 एवं 148 नरहरपुर का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा भरे गये फार्म 06, 07 एवं 08 और रजिस्टर की जांच किया तथा उन्हे बीएलओ रजिस्टर भी भरने के निर्देश दिये। मतदान केन्द्र क्रमांक-146 में फार्म 06 के 53 आवेदन, फॉर्म 07 के 59 आवेदन और फॉर्म 08 के 81 आवेदन तथा मतदान केन्द्र क्रमांक- 147 में फार्म 06 के 57 आवेदन, फॉर्म 07 के 25 आवेदन और फॉर्म 08 के 48 आवेदन और मतदान केन्द्र-148 में फार्म 06 के 34 आवेदन, फॉर्म 07 के 10 आवेदन और फॉर्म 08 के 22 आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने विभिन्न रजिस्टर का बारीकी से अवलोकन किया तथा बेहतर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार नरहरपुर सुधीर खलखो तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.के.गुप्ता भी मौजूद थे।

**एक नजर**

### मोबाइल वेटनरी वाहन को नपा अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी



**बीजापुर 24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में आज मोबाइल वेटनरी यूनिट का शुभारंभ श्री बेनहूर रावतिया ,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के द्वारा किया गया, उन्होने हरी झंडी दिखाकर चार ब्लाक में मोबाइल वेटनरी यूनिट की गाड़ी रवाना किया। जिले में पशुओं की स्वास्थ्य हेतु शासन द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट की शुरूआत हुई है। जो कि सर्विस प्रोवाईडर के माध्यम से संचालित है संचालन का समय प्रातः 08:00 से शाम 4 बजे तक होगा इनका उद्देश्य गौठान ग्रामों में वेटनरी सेवा प्रदाय करना है। मोबाइल वेटनरी यूनिट प्रतिदिन प्रत्येक विकासखण्ड के दो गौठानों में चिकित्सा शिविर का आयोजन करेंगे , राज्य स्तर पर काल सेंटर (टोल फ्री नम्बर 1962 ) की स्थापना की गई है। जिसमें कोई भी पशु-पालक पशुओं के स्वास्थ्य संबंधित सहायता प्राप्त कर सकता है। मोबाइल वेटनरी यूनिट के शुभारंभ के दौरान पशुधन विकास विभाग से उप संचालक डॉ. एस.एस राजपुत , डॉ. करनम शिवशंकर ,डॉ. मिथिलेश उप्पल, श्री एन. समरथ एवं विभाग के अन्य लोग मौजूद थे।

### आयुष्मान भव : अभियान के तहत आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला



**बीजापुर 24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के नेतृत्व में सहायक जिला नोडल अधिकारी ॥ङ्खष्ट नीलकंठ जोशी के साथ जिला चिकित्सालय बीजापुर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मंगेश मस्के और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा राखोंडे और स्थानीय स्तर पर डॉ. कुर्रे, ग्रामीण चिकित्सा सहायक गिरधर देशलहरे, संजय यादव और नेत्र सहायक अधिकारी राजेश दुर्गम के द्वारा कुल 201 बाल वृद्ध व महिला पुरुष मरीजों को जाँच उपचार कर स्वास्थ्य सेवायें दी गई , जिसमें ह्ष्ट्ठ स्क्रीनिंग 31 बुखार 41 , सर्दी खांसी 19, प्रसव पूर्व जांच 03 , शिशु रोग 16, स्त्री रोग 09 , नेत्र रोग 15 तथा अन्य 76 मरीज़ लाभान्वित हुए। इस अवसर पर समस्त उपस्थितों ने अंगदान करने तथा इस के लिए अन्य लोगों को प्रेरित करने हेतु शपथ ग्रहण भी किया । आयुष्मान मेला में 13 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड और 28 आभा कार्ड भी बनाए गए ।आयुष्मान मेला आयोजन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश ठाकुर और बीपीएम श्री नेताम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली के समस्त स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा ।

### स्वास्थ्य मेला के माध्यम से स्वैच्छिक अंगदान हेतु किया जा रहा है प्रेरित



**बीजापुर 24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन एवं श्री नीलकंठ जोशी (ग्रीमण चिकित्सा सहायक) के नेतृत्व में जिले के समस्त विकासखंडों के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 17 सितम्बर 2023 से 31 दिसम्बर तक आयुष्मान भवः अभियान के तहत् स्वास्थ्य मेला आयोजित करते हुये स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत् अंगदान को बढ़ावा देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें स्वेच्छा से एक व्यक्ति का मृत्यु पश्चात् 6 अंगों का दान किया जा सकता है। जिस हेतु स्वैच्छिक अंगदान करने वाले इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट में जाकर स्वंय के आधार कार्ड की जानकारी साझा कर पंजीकृत कर सकते है। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य मेला के माध्यम से अंगदान करने के लिये लोगों को जागरुक एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। इच्छिक व्यक्ति के मृत्यु उपरांत यकृत ,किडनी, हार्ट,फेफडा, आंत, अग्नाश्य एवं उतक (कोशिका) दान में अस्थि, चमडी ,आंख इत्यादि अंगों का अंगदान कर जरुरतमंद व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। उक्त संबंध में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# परीक्षा परिणाम सुधारने बच्चों को योजनाबद्ध अभ्यास कराएं: सोम

- संयुक्त संचालक ने शिक्षा ने स्कूल व्यवस्था सुधारने ली समीक्षा बैठक



**बीजापुर 24 सितंबर।** जिले की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने बीजापुर आए संयुक्त संचालक शिक्षा श्री एचआर सोम ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम सुधारने योजना बद्ध अभ्यास करा कर अपेक्षित परिणाम लाएं । इसके लिए मॉडल प्रश्न और उत्तर पुस्तिका के जरिए बच्चों को नियमित रूप से परीक्षा हेतु तैयार करें । सभी प्राचार्य अध्यापन को प्राथमिकता देकर गुणवत्ता शिक्षा को प्रभावी बनाएं तथा निरीक्षण नियमित रूप से करें ।

जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक ने जिला ब्लॉक और संकुल स्तर पर की जाने वाली मॉनिटरिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा गूगल फार्म में प्रविष्टि करने के निर्देश दिए । कक्षा 01 से 03 तक के बच्चों को अक्षर ज्ञान, अंक ज्ञान और पढ़ना अनिवार्य रूप से आए इसके लिए समय सीमा तय कर गंभीरता से कार्य करने को कहा। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने माह नवंबर से दिसंबर तक लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया । मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने तथा कार्य नहीं होने पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक ने शिक्षकीय की पूर्ति शासन स्तर से किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षक के पदों की पूर्ति की गई है इससे शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आएगा। जो शिक्षक अनुपस्थित रहेंगे उनके विरुद्ध वेतन कटौती की कार्रवाई कर सेवा पुस्तिका में अंकित किया जाए। छात्रवृत्ति के पात्र बच्चों को नियमित रूप से भुगतान हो इसके लिए समय सीमा पर कार्य पूर्ण कर लिया जाए ।

छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के लाभार्थियों को शिक्षा सुविधा अंतर्गत छात्रवृत्ति और शुल्क का लाभ मिले सुनिश्चित किया जाए ।

न्यायालय प्रकरण के मामलों का निराकरण समय सीमा में कर प्रकरण का निराकरण को प्राथमिकता देवें । पेंशन प्रकरण लंबित न रखा जाए इस पर तत्परता से कार्यवाही कर प्रकरण निराकृत किया जाए ।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर शिक्षक व्यवस्था की कार्यवाही पूर्ण करने निर्देशित किया गया ।

सभी शालाओं में पाठ्यक्रम अनुसार कक्षा संचालन और गुणवत्ता पर ध्यान देने निर्देश दिया गया । निलंबित शिक्षकों के प्रकरण का निराकरण कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए जिससे शिक्षकीय कार्य प्रभावित न हो । आरटीई के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी अद्यतन कर शुल्क भुगतान की कार्यवाही समय सीमा में किया जाए ।इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल सहित समस्त बीईओ, बीआरसी, एपीसी एवं प्राचार्य गण उपस्थित थे।


### स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने मतदान करने अपने पालकों को लिखा पत्र

**बीजापुर 24 सितंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शतप्रतिशत मतदान करने, मतदाताओं को प्रत्येक मत का महत्व बताने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित कन्या शिक्षा परिसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगालूर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय बीजापुर सहित विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा अपने माता-पिता मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए मताधिकार का प्रयोग करने हेतु पत्र लिखा गया।



## जिनकी जड़ें भारत में हैं, वे महिलाओं को कमजोर नहीं समझते: अमित शाह

**रायपुर 24 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मंगलवार को लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वाँ संविधान संशोधन %नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023% बिल पेश किया गया, जिसे बुधवार को लोकसभा में पास कर दिया गया। इस मौके पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि, 'जिनकी जड़ें भारत से हैं, वे महिलाओं को कमजोर नहीं समझते।' नए संसद भवन में पेश किया गया %नारी शक्ति वंदन विधेयक% पर बुधवार चर्चा के बाद वोटिंग के दौरान तमाम बहसों के बीच बिल के पक्ष में 454 वोट पड़े और यह बिल दो तिहाई बहुमत से पास हो गया। दरअसल, महिला आरक्षण लागू करने को लेकर कुछ विपक्षी दलों का कहना था कि महिलाओं को आरक्षण क्यों ही दिया जाए? आरक्षण देने का मतलब है कि महिलाएँ कमजोर हैं। आरोप यह भी था कि बिल तो संसद के इस विशेष सत्र में पारित हो जाएगा, लेकिन इसे 2029 से पहले लागू क्यों नहीं किया जा सकता है? विपक्षियों ने अपना समर्थन देने के



बावजूद यह आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के बहाने सरकार ने चुनावी झुनझुना पकड़ाया है, क्योंकि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से पहले आरक्षण लागू नहीं होगा। इन आरोपों के जवाब में भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह ने स्पष्ट किया कि, 'जिनकी जड़ें भारत से हैं, वे महिलाओं को कमजोर नहीं समझते हैं। वेदों में महिलाओं को बड़ी जगह दी गई हैं। इस बिल के साथ महिला अधिकारों की एक लंबी लड़ाई का अंत हुआ है। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण में पारदर्शिता को बरकरार रखने के लिए जनगणना और परिसीमन दोनों ही बेहद जरूरी है, इसलिए 2024 लोकसभा चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया शुरू कर देगी।' मोदी जी के 'वुमेन लेड डेवलपमेंट' को साकार करने वाला यह बिल देश में निर्णय लेने और नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी को आगे बढ़ाएगा। देश के लोकतांत्रिक सफर में यह बिल एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। यह विडंबना है कि देवेगौड़ा सरकार से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक, इस बिल को लाने के लिए चार कोशिशें की गईं, लेकिन राजनीतिक रोटी सेंकने के कारण यह बिल कभी पारित नहीं हुआ। 27 साल से लंबित यह बिल शाह के मार्गदर्शन में लोकसभा में पास किया जा चुका है। लोकसभा और राज्यसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 'नारी-शक्ति वंदन अधिनियम' को लोकसभा में ज्यादातर दलों का समर्थन मिला।भाजपा के कद्दावर नेता शाह का मानना है कि, 'जहाँ महिलाएँ जनप्रतिनिधि होती हैं, वहाँ योजनाओं का लाभ नारी-शक्ति के साथ-साथ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचता है। इस बिल के कानून बनते ही संसद में महिला सांसदों के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित हो जाएंगी, जो महिला सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।'

## राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हिस्सा लेंगे जिले के 32 खिलाड़ी

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 24 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर को रायपुर में होगा। जिसमें रायगढ़ जिले के संभाग स्तरीय खेल में विजयी 32 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिनमें 23 महिला एवं 9 पुरूष शामिल है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के विजयी हुये सभी खिलाड़ी को आगामी राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है स्व.बी.आर.यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला-बिलासपुर में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 19 एवं 21 सितम्बर को आयोजित हुआ था। जिसमें जिले से कुल



16 खेलों के लिए 190 पुरूष, 184 महिला एवं 20 ऑफिसियल्स सहित कुल 394 सदस्यीय दल हिस्सा लिये थे। जिसमें विभिन्न खेलों एवं आयु वर्ग के 32 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के लिए चयन हुआ है।

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के ये 32 खिलाड़ी होंगे शामिल

संभाग स्तरीय स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में शामिल होकर अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन से इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विभिन्न खेलों में अपनी जगह बनायी है। जिसमें पुरूष कुश्ती में जतीन शर्मा एवं जामवंत, कुश्ती महिला में उत्तराबाई सिदार शामिल है। इसी तरह संकली खेल पुरूष वर्ग में विपिन खेम्स, अनमोल लकड़ा, नासरीत खेम्स, जॉन पाल खेम्स, प्रकीत एक्का, अर्पण टोप्पो, प्रतीक लकड़ा, संकली खेल महिला वर्ग में प्रेमलता निषाद, महिमा सरल, रंजू सिदार, निरूपा सिदार, ललिता निषाद, प्रिया सरल, महिमा यादव, रस्साकसी महिला में सपना भगत, नीलम राठिया, आरती भगत, कांति भगत, लीलिमा तिर्की, अनमोल भगत, गायत्री सिदार, निकिता सिंह, सुप्रभा पैकरा, बांटी प्रतियोगिता महिला में धनकंवर, उषा बाई, सुलोचना, कांति, लम्बी कूद महिला में ज्योति सिंह तथा बिल्लस में धनमती भगत शामिल है।

### बालक की नहर में डूबने से मौत



**भिलाई 24 सितंबर।** नंदिनी थाना क्षेत्र खुंदनी में एक 12 साल के बालक की नहर में डूबने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग आपरेशन चलाकर शव बरामद कर लिया है। मृतक शिवम पटेल पिता धनेश्वर पटेल नंदिनी - खुंदनी का रहने वाला है नंदिनी टीआई राजेश साहू कि मृतक शिवम पटेल नहर किनारे खड़ा था इसी दौरान किसी कारणवश अनियंत्रित होकर वह नहर के पानी में गिर पड़ा नहर में पानी ज्यादा होने से वह दिखाई नहीं दिया सूचना के बाद दुर्ग कंट्रोल रूम से एसडीआरएफ टीम रवाना किया गया घटना स्थल पहुंचकर पुलिस मार्ग काम करके विवेचना कर रही है।

## डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा का दौर, जिला स्तरीय अधिकारी मैदान में

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 24 सितम्बर।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डेंगू नियंत्रण में किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिन्हा ने उत्तरदायी अधिकारियों से डेंगू नियंत्रण पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि शहर में बढ़ते डेंगू प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर श्री सिन्हा ने डेंगू सोर्स रिडक्शन एवं जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के पूरे वार्डो में पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई है।

बैठक में उत्तरदायी विभागीय अधिकारियों ने कलेक्टर श्री सिन्हा को विभिन्न वार्डो में किए कार्यों में क्रमशः जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि डोर टू डोर निरीक्षण में कोटना, खाली टायर, हेलमेट जैसे विभिन्न वस्तुओं में पानी जमा पाया गया जिसे साफ करवा कर लोगों को जागरुक किया गया। जिससे डेंगू लार्वा न पनप सके। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन द्वारा जागरूकता हेतु पाम्पलेट वितरण किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने शिक्षा विभाग को निर्देशित



किया कि स्कूलों में डेंगू से बचाव के संबंध में बच्चों को जानकारी दे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान मच्छरदानी के उपयोग एवं जल जमाव से बचने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा की वर्तमान में बारिश ही रही है, लिहाजा आगामी दिनों में बारिश के रुकने के पश्चात डेंगू के संक्रमण बढ़ने की संभावना बढ़ेगी। जिसके लिए लगातार सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ ऑफिसर से वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्य योजना की जानकारी ली। हेल्थ ऑफिसर ने बताया की वर्तमान में शहर के वार्डो में फॉगिंग, सफाई, कचरा उठाव एवं दवाई का छिड़काव लगातार किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सफाई दरोगा एवं सभी सफाई कर्मियों को आगामी पखवाड़े भर मिशन मोड पर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे डेंगू प्रकरण पर नियंत्रण किया जा सके। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल ने शहर में डेंगू के संक्रमित मरीजों की संख्या से अवगत कराया। साथ ही मेडिकल ऑफिसर डॉ.पी.के.गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डेंगू से बचाव, लक्षण एवं सुरक्षा की जानकारी दी। उन्होंने सफाई कर्मियों को सफाई कार्य के दौरान फुल स्लीव शर्ट पहनने एवं मच्छरों से बचाव के लिए लोशन लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने आप को सुरक्षित कर कार्य करें।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में सफाई संबंधी शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर निदान 1100 जारी किया गया हैं। जिस पर कॉल कर वार्डो की गंदगी के संबंध में शिकायत की जा सकती हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डो से आ रही।

**समाचार संक्षेप**

### आईजी ने राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की ली बैठक



**भिलाई 24 सितंबर।** दुर्ग रेंज आईजी बद्री नारायण मीणा ने अपने कार्यालय के सभागार में राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की मीटिंग ली उन्होंने क्षेत्र में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों को सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग करने, अवैध शराब बिक्री, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई एवं आदतन बदमाशों को जिला बदर कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं साथ ही संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी, गंभीर अपराधों, महिला संबंधी अपराधों के प्रकरण में आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई कर गिरफ्तार करने के भी निर्देश दिए हैं मीटिंग में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्देश दिए गए। संवेदनशील केंद्रों में उत्पन्न होने वाले व्यवधान, क्रिटिकल मतदान केंद्रों की मापदंड की जानकारी, निर्वाचन को शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के लिए निवारक कानून एवं व्यवस्था की कार्रवाई के संबंध में चर्चा की गई इस मीटिंग में स्पष्ट रूप से थाना प्रभारियों को क्षेत्र में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों को सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग करने, गंभीर अपराधों एवं महिला संबंधी अपराधों के फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने, जिले में अवैध शराब बिक्री, जुआ / सट्टा, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अधिक से अधिक कार्रवाई करने आदतन बदमाशों की जिला बदर की कार्रवाई विस्तृत प्रतिवेदन अपराधिक विवरण सहित भेजने निर्देशित किया गया लंबित स्थायी / गिरफ्तारी वारंट तामिली करने के निर्देश अधिक से अधिक लंबित स्थायी / गिरफ्तारी वारंट तामिली करने तथा लाइसेंसी शस्त्र धारकों का शस्त्रों को चुनाव होने के पूर्व थाना चौकी में सुरक्षार्थ जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया इस मीटिंग में दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस आईजी कार्यालय श्रीमती सोनिया उके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस ग्रामीण दुर्ग अनंत कुमार सहित जिला दुर्ग के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### मछली पालन से निकलेगा समृद्धि का रास्ता



**बीजापुर- 24 सितंबर।** प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिको को मछली पालन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 15 सितंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी श्री मनीष सोनवानी ने पहुंचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागीय गरीबी उन्मूलन योजनाओं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। इस प्रशिक्षण में जनपद पंचायत उसूर और भोपालपटनम से जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 24 सितंबर तक आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल हुए श्रमिकों को मछली पालन की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है इसी कड़ी में 22 सितम्बर को नैमेड स्थित हेचरी ले जाकर प्रायोगिक रूप मछली बीज तैयार करने की विधि का अवलोकन कराया गया। मछली पालन हेतु तालाब की साइज और मछली पालन की वैज्ञानिक विधि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। सहायक परियोजना अधिकारी श्री नारायण बंजारे ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति परियोजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती हुई अर्थ - व्यवस्था में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन करना है ताकि आय का स्थायी साधन प्राप्त हो सकें ।

### विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण



**बीजापुर 24 सितंबर।** महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा 22 सितंबर 2023 को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया, विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदीयों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 115 निरूद्ध बंदी पाये गये, एवं सभी बंदियों से पूछताछ की गई, जेल निरीक्षण के दौरान श्री उमन सिंह मण्डावी (उप जेल अधीक्षक) एवं विशेषज्ञ समिति के सदस्य श्री बाड़से नागू (सदस्य), श्रीमती मिली सत्यन (सदस्य), श्री गणेश्वर झाडी संरक्षण अधिकारी कुमारी आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी), श्री राजकुमार राय (निरीक्षक) श्री संदीप चिड़ेम (सामाजिक कार्यकर्ता), उपस्थित रहे।

### शहीद वेंकट राव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

**बीजापुर 24 सितंबर।** आज शासकीय शहीद वेंकट राव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीजापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम और चित्रकला,मेहंदी,निबंध ,रंगोली, नृत्य, कविता,गायन जैसे प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र से सम्मानित कर इस सत्र में नव प्रवेशित एनएसएस स्वयं सेवकों को प्राचार्य डा. जे.नारायण एवम डा अमर सिंह साहू , एनएसएस कार्यक्रम आधिकारी श्री प्रमोद कुर्रे द्वारा एनएसएस बैच, एवं डायरी देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्री ललित ठाकुर द्वारा मतदान के प्रति महविद्यालयीन छात्रों को जागरूक किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक एवं एनएसएस स्वयं सेवकओ की सहभागिता रही।

## एक नजर

### तिल्दा-नेवरा में 1 से 7 अक्टूबर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**तिल्दा-नेवरा, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिस प्रकार हनुमानजी, रामजी के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते है उसी प्रकार हम सब भी उसी भाव से कार्य करते रहे और श्रीमद भागवत कथा के विश्राम नहीं करना है और प्रयत्न करना चाहिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस पुनीत कार्य में जोड़े। जिस प्रकार हनुमान जी भगवान राम के चरित्र को सुनने के लिए सदैव लालायित और उत्सुक रहते है उसी प्रकार हम सब को भी उसी भाव से श्रीमद भागवतकथा सुनने के लिए लालयित रहना चाहिए तो आइए हम सब श्रीधामवृंदावन के रसिक भागवताचार्य श्रीहित ललितवल्लभ जी नागार्य के द्वारा 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर के मध्य तिल्दा नेवरा रायपुर छत्तीसगढ़ में होने वाले 1008 श्रीमद भागवत कथा के महाराज जी के ओजस्वी वाणी में कथा का रसपान करें और अपना और अपने परिवार का जीवन धन्य बनावे राधे राधे आयोजक तिल्दा नेवरा के वासी इस को लेकर भारी उत्साह में है कथा में आने वाले यजमान ओ के लिय रहने भोजन की व्यस्था भी है जो भी परिवार पोथी अपने पितृ के लिय करवाना इच्छुक है वे कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

### डीजे डांस प्रतियोगिता में प्रतिभाएं दिखाएंगी अपना जौहर

**तिल्दा-नेवरा, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत हरदी में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य राज्य स्तरीय रात्रि कालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन गणेश उत्सव के पावन अवसर पर होगा जिसमें प्रथम पुरस्कार सामूहिक 10000 रु संतु राम ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत हरदी,तोरण सागर विधायक प्रतिनिधि बिन्द्रानवागढ़,शत्रुघ्न तारक आटो पाट्र्स,मानसिंह निषाद आरएसएस शाखा कार्यवाहक छुरा,खेदू राम साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत हरदी, द्वितीय पुरस्कार 7000 रू संकल्प छत्तीसगढ़ हॅास्पिटल छुरा, तृतीय पुरस्कार 5000 रुपनाथ छत्तीसगढ़ श्रमिक संगठन मजदूर संघ एवं सतनामी समाज जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ गरियाबंद एवं युगल नृत्य प्रथम पुरस्कार 2500 लोकेश्वर वर्मा संदीप सोनी एल्डर में नगर पंचायत छुरा द्वितीय पुरस्कार 2100 सागर तारक जय गुरुदेव जड़ी बूटी केंद्र छुरा,तृतीय पुरस्कार 1100 सौरभ तारक जय गुरुदेव जड़ी बूटी केंद्र छुरा इसी प्रकार एक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2100 राहुल ध्रुव निज सचिव, संसदीय सचिव एवं विधायक महासमुंद द्वितीय पुरस्कार 1500 भोले शंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत छुरा तृतीय पुरस्कार 1000 अमर खाद भंडार छुरा एवं एवं प्रत्यय टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा नरेंद्र पटेल पटेल मोबाइल बजरंग चौक छुरा के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्राम वासी एवं ग्राम पंचायत वी गणेश उत्सव समिति के सदस्य सफल बनाने में लगे हुए है।

### जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

**बलौदाबाजार, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति के द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन के साथ ही मीडिया के विभिन्न प्लेटफ़ार्म पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों एवं पेड़ न्यूज पर चौकस नजर रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्य अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र कसडोल भूपेंद्र अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र भाटापारा नरेंद्र बंजारा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, जिला समन्वयक सोशल मीडिया ईशान वर्मा, ई -डिस्ट्रिक्ट मैनेजर संदीप साहू, वरिष्ठ नागरिक डॉ एसएम पाध्येय एवं सदस्य सचिव उप संचालक जनसम्पर्क दर्शन सिंह सिदार बनाए गए हैं।समिति समस्त राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों से विधानसभा निर्वाचन 2023 की सम्पूर्ण अवधि में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में उल्लेखित मीडिया सम्बंधी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने का कार्य करेगी। समिति चुनाब के दौरान टीवी, केबल टीवी, सोशल मीडिया, एफएम रेडियो एवं समाचार पत्रों में जांरी किये जाने वाले विज्ञापनों पर निगरानी रखेगी।

# 25 को कसडोल पहुंचेगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा, नेताओं ने तय की रूपरेखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 24 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से शुरू हुई परिवर्तन यात्रा कसडोल विधानसभा में 25 सितम्बर को पहुंचने वाली है। इस यात्रा को लेकर विधानसभा के तमाम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तैयारी में लग चुके हैं। परिवर्तन यात्रा को लेकर आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा कोर समिति के सदस्य गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि यह परिवर्तन यात्रा 25 सितंबर को कसडोल विधानसभा पहुंचेगी, इसका नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव करेंगे। गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि इस परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाईक भी कसडोल विधानसभा पहुंचेंगे। गौरीशंकर अग्रवाल ने दावा करते हुए कहा कि कसडोल विधानसभा के साथ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में बदलाव की बयार चल रही है और निश्चित तौर पर कसडोल के साथ पूरे प्रदेश में बदलाव जरूर होगा।



**सरकार के चारों ड्रीम प्रोजेक्ट फेल:** गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा भूपेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट नरवा, गरवा, घुरुवा, बाड़ी पूरी तरह से फेल हो चुका है। नरवा में पानी नहीं है, गरूवा गौठान में नहीं है, घुरूवा का नामों निशान नहीं है और बाड़ी तो कहीं है ही नहीं।

पीएससी मामले को लेकर भूपेश सरकार पर बोला धावा

गौरीशंकर अग्रवाल ने पीएससी मामले का जिक्र करते कहा कि इस भ्रष्ट सरकार में सब भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रहा है और इस भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता पूरी तरह से तैयार है। महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को बताया ऐतिहासिक

गौरीशंकर अग्रवाल ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर पूरे विधानसभा वासी के तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देते कहा कि जो 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' की सौगात महिलाओं को दी है, वो ऐतिहासिक है। दशकों से लंबित पड़े महिला आरक्षण विधेयक को विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराना भारतीय महिलाओं के प्रति प्रधानमंत्री जी की दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ केंद्र सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। इस बिल के समर्थन में वोट देने वाले सभी सांसदों का बहुत-बहुत आभार। नई संसद का पहला सत्र इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।

# लगातार दो दिनों की बारिश से नालियां जाम सड़कों में बह रहा पानी, नागरिक परेशान






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 24 सितम्बर।** लगातार तेज वर्षा के चलते जय स्तंभ चौक सदर मार्ग बिलासपुर मार्ग तहसील आफिस के पास सड़क ऊपर पानी बह रहा है। तिराहा चौक स्थित भाटिया ढाबा में तो पूरा पानी से भर गया है सदर मार्ग में घुटने तक पानी भरा हुआ है। वहीं सरोपी तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर ब्राम्हण कॉलोनी में लबालब भरा गया है जिससे वहां तालाब जैसा नजारा दिखाई दे रहा है। जय स्तंभ चौक में छोटे छोटे बच्चें मछली पकड़ रहे नगर के हर गली मोहल्लें एवं कई लोगों के घरों में भी पानी का भराव हो गया है। जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पंचायत द्वारा नालियों की सही तरीके से साफ सफाई नहीं कराने के कारण थोड़े बारिश से भी नालियों का पानी सड़क के ऊपर बहने लगता है जिसके चलते लोगों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। नगर की प्रमुख नालियों के ऊपर रसूखदार लोग अपना मकान एवं दुकान बनाकर रखे हुए है जिसके चलते नालियों के सही तरीके से साफ सफाई नहीं हो पाती है। और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# मल्दा में 12 मवेशियों को नदी में बहाया

### गौठान समिति के अध्यक्ष का कारनामा, जनपद सीईओ ने जानकारी लेने के बाद कार्रवाई करने की बात कही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 24 सितम्बर।** कसडोल विकासखंड के ग्राम पंचायत मल्दा में चारा-पानी के अभाव में दस मवेशियों की मौत हो जाने व दो जीवित मवेशी सहित बारह मवेशियों को महानदी में बहा दिया गया।

जानकारी के अनुसार गांव में बीमार हालत में दस मवेशियों की मौत व दो बीमार हालत में पड़े सभी मवेशियों को ट्रैक्टर में डाल कर महानदी में बहा दिया गया। ग्राम मल्दा के बजरंग दल लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मल्दा में गौठान तो बना है लेकिन वहां कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण मवेशियों को सचिवालय के पास गौठान समिति द्वारा रखा जाता है। वहां भी कोई चारा-पानी की व्यवस्था नहीं होने से शनिवार को दस मवेशियों और दो बीमार मवेशी, इन सभी को चंद्राम साहू, जितेंद्र केंवट, दिलहरण व दुकालू के द्वारा ट्रैक्टर में डालकर



महानदी की बाढ़ में बहा दिया गया। उक्त संबंध में सरपंच पति कुलेश्वर निषाद जो कि गौठान समिति का अध्यक्ष भी है उनसे इस दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता द्वारा पूछने पर सिर्फ एक मवेशी के मृत होने की जानकारी दी गई। अन्य मवेशियों के मौत की जानकारी नहीं होने की बात कही गई। जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा ने मवेशियों को महानदी में बहाने के संबंध में जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि मैं तुरंत पता कर जानकारी लेता हूं, दोषी पाए जाने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में अब तक 1110.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 24 सितम्बर।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2023 से अब तक 1110.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा सिमगा तहसील में 1397.1 मिलीमीटर हुई। तहसील टुण्डरा 1251.5, पलारी 1209.8, सुहेला 1113, कसडोल 1087.5, सोनाखान 1056.7, भाटापारा 985, लवन 976.4 एवं बलौदाबाजार में 919.2 मिलीमीटर सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 9996.2 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 1110.7 मिमी है। इसी तरह 22 सितम्बर को 423.9 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 47.1 मीमी है। जिले के तहसीलवार वर्षा में सिमगा 122.5, भाटापारा 82, टुण्डरा 50, सुहेला 45, पलारी 38, बलौदाबाजार 32.5, लवन 28.7, कसडोल 21 एवं सोनाखान 4.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# घर बाड़ी में गांजा की खेती करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 सितम्बर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 22.09.2023 को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि गिरौदपुरी निवासी एक आरोपी द्वारा अपने घर बाड़ी में अवैध मादक पदार्थ गांजा की खेती किया जा रहा है और उसके द्वारा अपने घर बाडी में गांजा का काफी संख्या में पेड़ लगाकर उसे बिक्री करने के लिए उसकी देखभाल एवं सिंचाई आदि भी किया जा रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार



यादव एवं अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक अंजोर मांझी, नरेश खूंटे, आरक्षक अजय यादव, गोपाल पाल, टीकाराम साहू के साथ प्रभारी उप निरीक्षक ओम सिंह साहू एवं चौकी गिरौदपुरी की पुलिस टीम द्वारा आरोपी श्याम लाल पुरेना के घर बाड़ी में दबिश दिया गया।

पुलिस टीम जैसे ही आरोपी के घर बाडी में पहुंची तो हर-भरे गांजा के पेड़ को देखकर पुलिस बल भी चौंक गई। आरोपी द्वारा इस दौरान अपने घर की बाड़ी में कुल 13 पेड़ लगाए गए थे, जो कि अभी 04-08 फीट करीब की लंबाई में बढ़ चुके थे। कि पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही विधिवत तौल पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी से 6.700 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?7000 है। आरोपी के विरुद्ध चौकी गिरौदपुरी में अपराध क्र. 204/2023 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी श्यामलाल पिता छतराम पुरेना उम्र 60 साल निवासी ग्राम गिरौदपुरी चौकी गिरौदपुरी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### सांवरा बस्ती में जलभराव, 35 से अधिक परिवारों को सुरक्षित जगह पर किया गया शिफ्ट



**बलौदाबाजार, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच चलते जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित ग्राम कुकुरदी के सांवरा बस्ती में जल भराव की शिकायत मिली। जिस पर कलेक्टर चंदन कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव को मौके का मुआयना कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रशासन के टीम द्वारा सांवरा बस्ती से 35 से अधिक परिवारों को वहां से निकाल कर सुरक्षित स्थान नजदीकी प्राथमिक शाला में अस्थाई स्थानांतरित किया गया है। सभी सदस्यों के लिए प्रशासन की ओर से मेडिकल चेकअप करायी जा रही है। इसके साथ ही आज उनके लिए भोजन सहित अन्य व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही एतिहायत के तौर पर बिजली को स्थायी तौर पर काट दिया गया है। उक्त मौके पर बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, तहसीलदार राजू पटेल, सीएमओ भोला सिंह ठाकुर सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### सट्टा पट्टी व नगदी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध जुआ सट्टा खेलाने वालो के विरुद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 728/23 एवं 729/23 धारा 4(क) जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के आरोपीयों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया आरोपियों के नाम संदीप घृतलहरे पिता बालकिशन घृतलहरे उम्र 25 साल साकिन इंदिरा कालोनी वार्ड नं. 01 बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, राकेश साहू उर्फ सेठ्ठी पिता रामकुमार उर्फजोगो उम्र 25 साल साकिन पांह्दा रोड साहू धर्मशाला के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार है। मामला इस प्रकार है कि 22 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपीगण संदीप घृतलहरे पिता बालकिशन घृतलहरे उम्र 25 साल निवासी इंदिरा कालोनी वार्ड नं. 01 बलौदाबाजार एवं राकेश साहू उर्फ सेठ्ठी पिता रामकुमार उर्फजोगो उम्र 25 साल साकिन पांह्दा रोड साहू धर्मशाला के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पास से सट्टा पट्टी व नगदी रकम 4600 रूपये को जप्त किया गया, आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 4 (क) जुआ एक्ट एंव छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 का घटित करना सबुत पाये जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि मेघनाथ बंजारे, सउनि मोहित लाल मलिक व आर. रमाकांत भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।

### स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीय गुणवत्ता सुनिश्चित करने कार्यशाला संपन्न

**बलौदाबाजार, 24 सितंबर।** कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा जिले के स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं में गुणवत्ता वृद्धि के निर्देश दिये जाते रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन क्यू ए एस) की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण महासमुंद के विशेषज्ञ आर एम एन सी एच सलाहकार संदीप चंद्राकर ने दिया। इस बारे में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि ,राष्ट्रीय गुणवत्त आश्वासन मानक के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाओं में सुदृढ़ीकरण हेतु एन क्यू ए एस किया जाता है। इसमें सफल होने पर संस्था को पुरस्कार सहित तीन वर्षों के लिए राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता प्रमाण पत्र दिया जाता है। अभी तक जिले में जिला अस्पताल सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी,बरपाली एवं वेलनेस केंद्र ससहा को यह प्रमाण पत्र दिया गया है। इस बार जिले के 90 स्वास्थ्य केंद्रों को इसमें प्रतिस्पर्धा हेतु तैयार किया जा रहा है। इसमे मूल्यांकन तीन स्तरों पर होता है,पहला जिला स्तर, दूसरा राज्य और तीसरा राष्ट्रीय स्तर पर जिसमें प्रदेश से बाहर की मूल्यांकन टीम आ कर निरीक्षण करती है। 75 प्रतिशत से अधिक के स्कोर में ही स्वास्थ्य संस्था को इसका प्रमाण पत्र मिलता है।


न्यायालय तहसीलदार, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

-::ईश्तहार::-

ई कोर्ट नंबर-202309080700033/ अ-121/2022/23

ग्राम-कवर्धा, प.ह.नं.-13

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका अनंदी आ.रामा मरार, निवासी ग्राम-भागूटोला, तहसील- कवर्धा जिला- कबीरधाम के द्वारा ग्राम कवर्धा प.ह.नं.13 स्थित स्वामित्व खाते की भूमि ख.नं. 246/1 रकबा 0.073 हेक्टे. लगान 0.77 रू जो कि अनंदी, अनंदराम पिसरान रामा के नाम पर संयुक्त रूप से ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उक्त भूमि का आवेदिका को ऋणपुस्तिका प्राप्त हुआ था जो कि गुम हो गया है जिसका डूप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 29.09.2023 को प्रात: 10:00 बजे तक मरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.09.2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कवर्धा


### आयुष्मान भवः अभियान के तहत जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में अच्छी व्यवस्था

# मरीजों को मिल रहा नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 सितंबर।** शासन से प्राप्त दिशा निर्देश एवं कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में आयुष्मान भवः अभियान का क्रियान्वयन जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि दो स्तरों के इस अभियान में प्रथम स्तर में गैर संचारी रोगों की जांच सहित टीबी ,कुष्ठ की स्क्रीनिंग सहित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। इसी कड़ी में आयुष्मान आप के द्वार 3.0 की थीम पर आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। दूसरे चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा साप्ताहिक आधार पर शिशु रोग,शल्य चिकित्सा,नाक कान गला,चर्म रोग,और दंत चिकित्सा की सुविधा दी जा रही है। सीएमएचओ के अनुसार तीसरा बड़ा कार्यक्रम 2 अक्टूबर को आयुष्मान सभा के रूप में आयोजित होगा। यह ग्राम एवं वार्ड स्तरीय सभा होगी जिसमें आयुष्मान कार्ड ,आभा आई डी ,सिकल सेल टीकाकरण एवं टीबी मरीजों के पहचान के



सम्बंध में जागरूकता कार्यक्रम किये जायेंगे। शुगर,बीपी,सिकल सेल की जांच भी होगी। पलारी के ग्राम ससहा निवासी 56 वर्षीय छन्नू लाल साहू जिन्हें उच्च रक्त चाप है और लकवा भी है उनके परिजनों ने बताया कि वेलनेस केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाया गया और एक छड़ी भी दी गई। ऐसे ही सकरी के 82 वर्षीय कामता को शुगर और उच्च रक्त चाप दोनों है जिसकी समय समय पर जाँच और इलाज के लिये दवाई मिलती रहती है। इस अभियान के तहत लोगों में अंगदान को लेकर चल रही भ्रांतियों का भी निराकरण कर उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस बाबत स्वास्थ्य केंद्रों में शपथ भी दिलाई गई है। अंगदान के सम्बंध में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के अनुसार अंगदान हेतु इक्छुक ० य ि क्त 222.ठ्ठश्चह्लह्लश्च.ड्डड्डस्त्रद्ब.द्दश्1.द्बठ्ठ /श्चद्यद्गस्त्रद्दद्ग-ह्यद्गद्दद्बह्यह्लह्म्4/ पर अपना पंजीयन करवा के प्रमाण पत्र भी पा सकता है। आयुष्मान भवः के अंतर्गत जिला अस्पताल में एक अक्टूबर को रक्त दान शिविर का आयोजन भी किया जाने वाला है। गौरतलब है कि,आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारंभ 13 सितंबर को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पूरे देश मे एक साथ शुरू किया गया है।

# ठनी रहती है मेरी सिरफिरी हवाओं से... मैं फिर भी रेत के टीले पे घर बनाता हूँ...






लोकसभा में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को लोकसभा में पेश किया। वह पारित हो गया, राज्य सभा में भी बिल पारित हो गया अब राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 181 हो जाने का रास्ता साफ हो जाएगा जिसमें वर्तमान लोकसभा की कुल सीटों में एससी वर्ग की महिलाओं के लिये 28, एसटी वर्ग के लिये15 तथा सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिये 138सीटें आरक्षित होंगी। हालांकि विपक्ष ने ओबीसी वर्ग के लिये भी आरक्षण यानि आरक्षण के भीतर भी आरक्षण के लिये आवाज़ उठाई तथा तत्काल ही आरक्षण लागू करने दबाव भी बनाया था पर संवैधानिक प्रावधानों के तहत यह संभव नहीं था। वैसे लोकसभा में फिलहाल 82 महिला सांसद हैं। फिलहाल तो महिला आरक्षण झुनझुना ही होगा क्योंकि बिल पारित होने के बाद जनगणना, परिसीमन के बाद ही महिलाओं के लिये सुरक्षित सीटें तय होंगी,2029 के लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण का प्रावधान लागू हो सकेगा। सवाल यह भी उठ रहा है कि ज़ब यह प्रावधान 2029 में लागू होना था तो विशेष सत्र बुलाने की क्या जरूरत थी?यह दिसंबर में होने वाले नियमित सत्र में भी हो सकता थाज वैसे विपक्ष का कहना है कि नवम्बर में होनेवाले 5 राज्यों के विस चुनाव में महिला मतदाताओं को अपनी और आकर्षित करने भाजपा का एक बड़ा राजनीतिक एजेंडा माना जा रहा है।वैसे महिला आरक्षण बिल 1996 से ही अधर में लटका हुआ था। उस समय एचडी देवगौड़ा सरकार ने 12 सितंबर 1996 को इस बिल को संसद में पेश किया था।राजीव गाँधी, अटलजी,नरसिम्हा राव के समय भी पहल हुई थी,लेकिन पारित नहीं हो सका था। यह बिल 81वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश हुआ था।बिल में संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव था।इस 33 फीसदी आरक्षण के भीतर ही अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए उप-आरक्षण का प्रावधान था।लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं था।नये बिल में भी प्रस्ताव है कि लोकसभा के हर चुनाव के बाद आरक्षित सीटों को रोटेट किया जाना चाहिए।आरक्षित सीटें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में रोटेशन के ज़रिये आवंटित की जा सकती हैं।इस संशोधन अधिनियम के लागू होने के 15 साल बाद महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण ख़त्म हो जाएगा।

## अयोध्या में राम लला के दर्शन से मुंडन तक...

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव में ÷हिंदुत्व÷ एक बड़ा मुद्दा बनेगा। भूपेश सरकार के भांचा राम,कौसल्या मंदिर,राम वनपथ गमन और कृष्ण कुंज योजनाओं का काट श्रीराम पर 'एकाधिकार' जताने वाली भाजपा के पास नहीं है, तभी तो छ्ग आने वाले भाजपा के बड़े नेता मोदी सरकार की उपलब्धियाँ गिनाने,भूपेश सरकार की कमियां बताने की जगह हिंदुत्व पर ही बोलना उचित समझते हैं। कांग्रेस छोड़कर,भाजपा में शामिल होनेवाले असम के सीएम ने छ्ग में हिंदुत्व का एक अलग मुद्दा उछाल दिया है और उसका जवाब मिलने पर भाजपाईयों को कुछ सूझ नहीं रहा है।हिंदुत्व के मुद्दे पर दो राज्यों के सीएम आपस में भिड़ गए हैं।पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने छ्ग के सीएम को हिंदू होने की पुष्टि के लिए राहुल और सोनिया गांधी को अयोध्या ले जाने की चुनौती दी ।तब छग के सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया है।सीएम भूपेश बघेल ने हिमंत बिस्वा शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के हिंदू होने पर सवाल खड़ा कर दिया है?असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को खुली चुनौती देते हुए कहा कि जरा भी हिन्दू हैं तो राहुल गांधी को रामलला के मंदिर लेकर जाओ। यदि चुनावी हिन्दू मात्र नहीं हैं तो राहुल को अयोध्या लेकर जाएं।तब छग के सीएम भूपेश बघेल ने असम के सीएम की चुनौती पर जवाब देते हुए कहा कि ÷असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा हिंदू हैं और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिंदू हैंज्हमारे हिंदू धर्म के आधार पर माता या पिता की मृत्यु हो जाने आग देने वाले पुत्र को बाल(मुंडन संस्कार)देना होता है।लेकिन पीएम मोदी तो सर मुड़ाए ही नहीं..तो सीएम हिमंत से कहना चाहूंगा कि नरेंद्र मोदी का मुंडन करवा लेंज़माता के निधन के बाद अभी तक नहीं कराया है। अगर वो मुंडन कराएंगे तो मैं हिमंत बिस्वा सरमा को हिंदू मानूंगा ÷।इधर विधानसभा चुनाव में हिंदुत्व बड़ा चुनावी मुद्दा होगा ऐसा लग रहा है।छत्तीसगढ़ में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।भाजपा,कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है तो कांग्रेस भी सत्ता में जमे रहने के लिए जोर लगा रही है।कांग्रेस लगातार भगवान राम के ननिहाल के रूप में छत्तीसगढ़ को देश में पेश कर रही है।भगवान राम के वनवास के समय छग के जिन स्थानों पर उनका ठहरना हुआ था उन इलाकों को 'राम वन पथ गमन' के रूप में विकसित किया जा रहा है।वहीं भाजपा,कांग्रेस सरकार पर गौ माता के नाम पर राजनीति करने आरोप लगा रही है।



## छत्तीसगढ़ में महिला विधायकों का प्रतिशत अधिक...




देश की लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण के बिल की चर्चा तेज है ऐसे में यह चर्चा भी लाजिमी है कि पूरे देश में सबसे अधिक छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। इसमें खास बात है कि यहां कांग्रेस की भूपेश सरकार के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 5 विधानसभा के उपचुनाव हुए। जिसमें 3 महिला प्रत्याशी को टिकट दिया। ये सभी अपने-अपने विधानसभा चुनाव में विजयी हुई। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में कुल 90 विधानसभा सीटों पर 16 महिला विधायक हैं।वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 90 सीट में से 13 सीटें महिलाओं ने जीत हासिल की थी। इनमें विधानसभा में अंबिका सिंहदेव (बैकुंठपुर), उत्तरी गणपत जांगड़े (सारंगढ़), रेणु जोगी(कोटा), डा. रश्मि सिंह (तखतपुर), इंदू बंजारे (पामगढ़), शकुंतला साहू (कसडोल), अनिता शर्मा (धरसींवा), डा लक्ष्मी धुर्व (सिहावा), रंजना साहू (धमतरी), संगीता सिन्हा (संजारी बालोद), अनिला भेड़िया(डौंडीलोहारा), ममता चंद्राकर (पंडरिया) और छन्नी साहू (खुज्जी) चुनकर पहुंची थीं। बाद में तीन उपचुनाव के बाद दंतेवाड़ा में देवती कर्मा, खैरागढ़ में यशोदा वर्मा और भानुप्रतापपुर उपचुनाव में सावित्री मंडावी समेत महिला विधायकों संख्या 16 हो चुकी है।एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) की रिपोर्ट 2019 के अनुसार देश के अन्य राज्यों की विधानसभाओं में कुल सीटों के मुकाबले छत्तीसगढ़ और हरियाणा में 14.4 प्रतिशत महिला विधायक हैं। जो कि दूसरे राज्यों की तुलना में सर्वाधिक थीं। हालांकि हरियाणा में अब महिला विधायकों की संख्या घटकर आठ हो गई हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में महिलाओं की भागीदारी 14.4 प्रतिशत से बढ़कर 17.7 प्रतिशत हो गयी है। अब छत्तीसगढ़ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और ओडिशा से आगे है।छत्तीसगढ़ कुल में 90 सीट में 16 महिला 17.77प्रतिशत,मप्र में 230 सीट में 21 महिला 9.13 प्रतिशत,उत्तर प्रदेश में 403 सीट में 47 महिला 11.66 प्रतिशत,ओडिशा 147 सीट में 15 महिला 10.20 प्रतिशत हैं।

## फिल्म जवान के बहाने सरकार पर निशाना?...



गौरीऔर शाहरुख़ खान की फिल्म 'जवान' कोई एक कहानी नहीं है,बल्कि कई छोटे-छोटे मुद्दों को एक पैकेज के रूप में पेश किया गया है।भ्रष्टाचार समेत ऐसे कई मुद्दे शामिल किए गए हैं।जैसे विपक्ष मोदी सरकार पर हमला करता है,उसी एजेंडे को 'जवान' आगे बढ़ा रही है। इसी वजह से इस फिल्म का 'राजनीतिक विश्लेषण' किया जा रहा है। फिल्म 'जवान' में दिखाया गया है कि कैसे सरकार कुछ खास कारोबारियों के लाखों करोड़ रुपए के लोन माफ कर देती है. दूसरी तरफ गरीब किसानों को कुछ हजार रुपए के लोन के लिए परेशान किया जाता है। एक करोड़पति कोऑडी जैसी कार के लिए महज 8 फीसदी में लोन मिल जाता है,जबकि किसान को ट्रैक्टर खरीदने के लिए 13 फीसदी की दर से लोन लेना पड़ता है।फिल्म में साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति का 40 हजार करोड़ का लोन सरकार के द्वारा माफ कर दिया जाता है।इस फिल्म में गोरखपुर ऑक्सीजन कांड की कहानी भी दिखाई गई है. 10 अगस्त 2017 को गोरखपुर के बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन की कमी से 70 से ज्यादा इंसेफेलाइटिस पीड़ित बच्चों की मौत हो गई थी। इसका ठीकरा मेडिकल कॉलेज के डॉ कफील खान के सिर फोड़ दिया गया। उन्हें आरोपी बनाकर जेल भेज दिया गया।लेकिन दो साल के बाद कोर्ट ने उन्हें इस केस से बरी कर दिया था. फिल्म में एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा का किरदार डॉक्टर कफील से प्रेरित है।उन्हें बच्चों की मौत का जिम्मेदार बताकर जेल भेज दिया जाता है। इस फिल्म में रक्षा घोटाले की कहानी भी दिखाई गई है।इसमें दिखाया जाता है कि कैसे सरकार के एक बड़े नेता और उनके करीबी सहयोगियों की मदद से एक ऑर्म्स डीलर खराब हथियारों की सप्लाई करता है।इसकी वजह से एक मिशन में कई जवान शहीद हो जाते हैं। वैसे तो रक्षा घोटालों का एक लंबा इतिहास रहा है,लेकिन वर्तमान समय की बात करें तो कांग्रेस राफेल डील को लेकर मोदी सरकार को हमेशा कठघरे में खड़ा करती रही है।

## और अब बस...

- » कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी ने भिलाई के एक कार्यक्रम में भौंरा चलाकर सभी को आश्चर्य चकित कर दिया?
- » डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव के हर बयान को भाजपा क्यों लपक रही है ?
- » महादेव ऐप के संचालक की शादी में क्या छ्ग से भी पुलिस अफसर गये थे?
- » दूसरी बार गृह मंत्री तथा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह का छ्ग दौरा रद्द हो गया है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है: बृजमोहन



**रायपुर, 24 सितम्बर।** जनता तक खबर/परिवर्तन यात्रा परिवर्तन का संवाहक बनकर लोगों तक पहुंच रही है। पूरे छत्तीसगढ़ में यात्रा को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। जगह-जगह स्वागत हो रहा है। भीड़ उमड़ रही है। इससे लगता है कि अभी तक लोग शांत थे, लेकिन अब लोगों ने मन बना लिया है कि कांग्रेस सरकार को उखड़ा कर फेंकना है। बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भ्रष्टाचारी, अत्याचारी, अन्यायी व माफिया सरकार से जनता त्रस्त है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है। भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। इन्हीं सब कारणों से जनता सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। और परिवर्तन यात्रा इसका माध्यम बन रही है। इस सरकार से आक्रोशित लोग अब सड़कों पर उतर रहे हैं। प्रदेश में परिवर्तन तय है। परिवर्तन यात्रा से कार्यकर्ताओं में उत्साह यात्रा में लगातार केंद्रीय नेता, केंद्रीय मंत्री आना हो रहा है। उससे कार्यकर्ताओं व जनता का और उत्साह बढ़ रहा है। अभी तक दोनों यात्रा को मिलाकर 15 विधानसभा में पहुंचा है। लोगों में जो रिस्पांच है, इससे लगता है कि लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है।

### एटीएम पर यूपीआई का उपयोग कर कैश विड्रॉल

**रायपुर, 24 सितम्बर।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल या बैंक) ने आज एक अभिनव सेवा शुरू करने की घोषणा की, जो कैश विड्रॉल के अनुभवों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रक्रिया-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-उन्मुख सेवाओं की पेशकश करने के लिए समर्पित है जो एक विश्वसनीय, स्केलेबल और टिकाऊ संस्थान की ओर ले जाता है, जो सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाता है। बैंक को इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल सेवा के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो अपने एटीएम नेटवर्क पर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस का उपयोग करती है। यह मई 2022 में भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देश के अनुरूप है, जिसमें सभी बैंकों से अपने एटीएम पर इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल विकल्प प्रदान करने का आग्रह किया गया है, और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने इस आदेश को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

# पुलिस ने 250 से अधिक लफंगों और बदमाशों की लगवाई लाइन



**रायपुर, 24 सितम्बर।** आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखने के साथ ही अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा व शांति व्यवस्था सहित गणेशोत्सव त्यौहार के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के गुंडे/निगरानी बदमाशों सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

इसके पालन में 23 सितंबर को दिनभर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 250 से अधिक गुंडे/निगरानी बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड ली गई तथा उनको समझाइश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें।

पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनायए रखने में पुलिस का सहयोग करें। कुछ सक्रिय गुंडे व बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं एवं आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई।

# जंतर-मंतर में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर, 24 सितम्बर।** नई दिल्ली के जंतर मन्तर में ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर चंद्राकर के द्वारा जातीय जनगणना को लेकर प्रदर्शन किया गया। दोपहर 3 बजे छत्तीसगढ़ के ओबीसी कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा हाथों में तख्ती लेकर प्रदर्शन कर मोदी सरकार के खिलाफ ज़ोरदार नारे बाजी कर कहा कि केंद्र की बीजेपी मोदी सरकार आरक्षण विरोधी है इनका मंशा नहीं है जातीयगत जनगणना कराई जाए। ये ओबीसी, एससी एसटी के आरक्षण के घोर विरोधी लोग है।ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर के साथ रामरतन पटेल, कृष्णकुमार यादव, दिलीप कौशिक, महेंद्र साहू , संजय बरेठ, उज्ज्वल मिरी सहित कई कांग्रेस के समर्थकों ने अपने हाथों में तख्ती लेकर नारेबाज़ी की है भारत देश में जातिगत जनगणना किया जाए,ओबीसी, एसटी, एससी आरक्षण देना होगा,जो ओबीसी की बात करेगा देश में राज करेगा,ओबीसी एससी एसटी की आवाज़ राहुल गांधी है आज देश इनके साथ खड़े है इन नारों के साथ ज़ोरदार प्रदर्शन किया है चौलेश्वर चंद्राकर ने मोदी से सवाल किया है महिला आरक्षण ईसी चुनावी वर्षो में लागू किया जाये साथ ही महिला बिल आरक्षण के साथ सभी समुदाय वर्गो को लाभ दिया जावे। राहुल गांधी जी का आभार करते हुए कहा है कि संसद भवन में कल भारत सरकार में मात्र तीन सचिव कार्यरत है जबकि मोदी जी ओबीसी वर्ग से आते हैं लेकिन इन वर्गो को भारत सरकार में प्रतिनिधि नहीं मिल पाना दुर्भाग्य है आज ओबीसी वर्गो के साथ राहुल जी खड़े है भारत जोड़ो यात्रा में सभी वर्गो को लेकर यात्रा किए है लेकिन मोदी नफरत कि बाज़ार खोल रहे हैं। मोदी की मंशा दलित शोषित पिछड़ा, वर्गो को दबाने के लिए राज कर रहे है। अब आगामी चुनाव में निश्चित तौर में बीजेपी सरकार केन्द्र हटाना तय है। और इंडिया की सरकार बनना तय है।




# डिजिटल पेमेंट प्रमोशन बोर्ड गठित करने की मांग

**रायपुर, 24 सितम्बर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि सरकार के डिजिटल पेमेंट को ज़्यादा से ज़्यादा करने के आह्वान तथा जी 20 द्वारा एमएसएमई सेक्टर को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ने के निर्णय को अमली जामा पहनाने की दृष्टि से कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज केंद्रीय आई टी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीथारमन से पुरज़ोर आग्रह किया है की भारत को कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था बनाने तथा व्यापार द्वारा बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाने के लिए केंद्र सरकार को तुरंत एक डिजिटल पेमेंट प्रमोशन बोर्ड गठित करना चाहिए तथा डिजिटल भुगतान पर लेनदेन शुल्क को सरकार द्वारा सीधे बैंकों को सब्सिडी दी जाये जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर बैंक चार्ज का आर्थिक भार न पड़े।



कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने यह कहते हुए सरकार से यह भी आग्रह किया की नेशनल पेमेंट कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया (एनपीसीआई) को यूपीआई, भीम आदि को ही चलाना चाहिए और पेमेंट इंडस्ट्री को मॉनिटर तथा रेगुलेट करने के लिए पृथक रूप से एक रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब सरकार द्वारा नीति के रूप में अनेक क्षेत्रों में खुला नेटवर्क बनाया जा रहा है तो पेमेंट इंडस्ट्री को भी खुला नेटवर्क दिया जाना चाहिए ताकि उपयोगकर्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं मिल सके ।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि देश में डिजिटल भुगतान को अपनाने और स्वीकार करने में लेन-देन शुल्क का वित्तीय बोझ डिजिटल पेमेंट को अपनाने में एक बहुत बड़ी बाधा है इस दृष्टि से सरकार ट्रांसक्शन शुल्क को सब्सिडी के माध्यम से सीधे बैंकों को दे दे तो देश में डिजिटल पेमेंट अप्रत्याशित रूप से बढ़ेगा। दूसरी तरफ यह अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को औपचारिक अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने में बड़ा सहायक होगा जिससे सरकार को आय कर एवं अन्य करों में भी बड़ी वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एक महीने में तीन बार से अधिक एटीएम के उपयोग से अधिक इस्तेमाल करने पर एटीएम से नकद राशि निकालने पर एक सामान्य शुल्क लगाया जा सकता है। सभी प्रकार के डेबिट और क्रेडिट कार्ड, पीओएस टर्मिनल, एम-पी ओ एस, मोबाइल वॉलेट, मोबाइल एप्लिकेशन, क्यूआर कोड, यूपीआई और आधार सक्षम एप्लिकेशन सहित डिजिटल भुगतान के अन्य सभी तरीकों को प्रोत्साहन योजनाओं के दायरे में लाया जाना चाहिए। पारवानी एवं दोशी ने कहा की गैर बैंकिंग वित्त कंपनियों और सूक्ष्म वित्त संस्थानों को भी शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पीओएस टर्मिनलों को सब्सिडी देने की योजना को प्रोत्साहित करके व्हाइट लेबल पीओएस टर्मिनल स्थापित करने के लिए डिजिटल भुगतान के परिदृश्य में लाया जाना चाहिए।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23